RNI No. CHHHIN/2009/35020

नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 280 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, शुक्रवार 4 अगस्त 2023

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in





पेज -4 पर छत्तीसगढ़ के 90 विधानसभा सीटों में पत्थलगांव विधानसभा सीट की ..

धरमजयगढ़ से बोरो का संपर्क टूटा, शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधा बाधित पेज -8 पर

# दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प पुलिस ने आरोपियों का जुलूस निकाला

### पुलिस ने आरोपियो का निकाला जुलूस





**रायपुर।** राजधानी के मौदहापारा थाना क्षेत्र में दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प मामले में पुलिस ने आरोपितों का जुलूस निकाला है। दरअसल, मंगलवार रात दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प में जमकर तलवार, चाकू और फरसा चले। बेखौफ बदमाशों ने जमकर बवाल मचाया। इस घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हुए हैं। वहीं बदमाशों ने घर के बाहर खड़ी गाड़ियों और दुकानों को भी हथियारों से नुकसान पहुंचाया है। ये पूरी वारदात इलाके में लगी सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। लड़ाई वर्चस्व को लेकर हुई है। इससे पहले भी विवाद हो चुका है।

### छह आरोपितों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

इस मामले में मौदहापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बलवा, हत्या का प्रयास समेत कई संगीन धाराओं में मामला दर्ज किया है। मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने आमिर उर्फ बद्री, वाहिद, गोलू उर्फ देवनारायण साहू, साहेल खान, हीरा छुरा सहित दो नाबालिगों को गिरफ्तार किया गया है।



## तेज़ बारिश से फिर टापू बने कई इलाके



रायपुर। राजधानी रायपुर से सटे सेजबहार इलाके में बारिश के कारण जलभराव की स्थिति है। यहां प्रशासन की टीम पहुचकर रेस्क्यू अभियान कर रहा है।

## एक नजर

### कांग्रेस ने 4 राज्यों के लिए की स्क्रीनिंग कमेटी घोषित



### अजय माकन होंगे छत्तीसगढ़ के चेयरमैन

**रायपुर.** कांग्रेस ने 4 राज्यों के लिए स्क्रीनिंग कमेटी बनाई है. छत्तीसगढ़ के लिए कांग्रेस ने स्क्रीनिंग कमेटी का चेयरमैन अजय माकन को बनाया है. वहीं नेटा डिसूज़ा और डॉ हनुमंता को कमेटी का सदस्य बनाया गया है. ये कमेटी प्रत्याशी चयन में अहम भूमिका निभाने वाली है।

### दृष्टिबाधित एथलीट ईश्वरी ने एशियन पैरा एथलेटिक्स के लिए किया क्वालीफाई



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के महासमुन्द जिले की बेटी दृष्टिबाधित कु. ईश्वरी निषाद ने चाईना के हांगझू में आगामी 22 अक्टूबर से आयोजित होने वाले एशियन पैरा एथलेटिक्स खेल के लिए क्वालीफाई किया है। इस उपलब्धि पर समाज कल्याण मंत्री अनिला भेंड़िया ने कुमारी ईश्वरी निषाद को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। कुमारी ईश्वरी को उनके उत्कृष्ट खेल के लिए राज्य स्तर पर भी सम्मानित किया जा चुका है।

दृष्टिबाधित कुमारी ईश्वरी निषाद लगातार राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं।

### छत्तीसगढ़ में फिर पड़े ईडी के छापे

# रायपुर, कोरबा और अंबिकापुर में कारोबारियों के घर दबिश

### दस्तावेजों की जांच जारी

रायपुर। छत्तीसगढ़ में एक बार फिर से ईडी के छापे पड़े हैं। रायपुर, कोरबा और अंबिकापुर में प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने कारोबारियों के घर दबिश देकर दस्तावेजों की जांच कर रही है। ऐसा कहा जा रहा है जिन कारोबारियों के घर जांच चल रही है वे आईएएस रानू साहू के करीबी हैं।





रायपुर के कचना इलाके में स्वर्णभूमि स्थित रोहित अग्रवाल के घर जांच जारी है। रोहित तेंदूपत्ता के कारोबार से जुड़े हैं। ईडी की टीम सुबह से दस्तावेजों की जांच कर रही है। कोरबा में स्टेशन रोड निवासी पूर्व पार्षद और व्यवसायी शिव अग्रवाल के यहां सुबह 5 बजे से ईडी की टीम ने दस्तक दी। घर के लोग कुछ समझ पाते तब तक टीम ने घर के सभी लोगों को एक कमरे में रखकर कर जांच करना शुरू किया। करीब 5 घंटे तक जांच के बाद ईडी की टीम खाली हाथ वापस लौट गई।

सीतामढ़ी में नवीन टाइल्स और जमीन कारोबारी पवन अग्रवाल के ठिकानों पर भी दस्तावेजों की जांच जारी है। इनके पिताजी शिव अग्रवाल जोगी कांग्रेस से 2018 में विधानसभा चुनाव लड़े थे। अभी तक कार्रवाई का अपडेट सामने नहीं आया है।

कोरबा में ही व्यवसाई रूड़ मल अग्रवाल के घर और दुकान में भी छापा मारा गया है। अधिकारियों के साथ सुरक्षाबल के जवान घर के बाहर निगरानी करते देखे गए। रुड़ मल अग्रवाल के घर कार्रवाई के दौरान अब तक क्या मिला है इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। इससे पहले बुधवार को ईडी की टीम ने रायगढ़ में सुनील रामदास अग्रवाल के ठिकानों पर कार्रवाई की थी। हालांकि टीम कल ही लौट गई थी।

## एसआई, सूबेदार और प्लाटून कमांडर के लिए चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में एसआई, सूबेदार और प्लाटून कमांडर भर्ती के शारीरिक दक्षता परीक्षा के बाद पात्र अभ्यर्थियों की सूची घोषित कर दी गई है। साक्षात्कार के लिए 1378 अभ्यर्थी पात्र पाए गए हैं। चयनित उम्मीदवार की सूची जारी कर दी गई है। बता दें कि, शारीरिक दक्षता परीक्षा में कुल 4390 अभ्यर्थी शामिल हुए थे। इन अभ्यर्थियों में से कुल 1378 अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिए चयनित हुए हैं। बताया जा रहा है कि, चयनित छात्रों का साक्षात्कार दिनांक 17.08.2023 से रायपुर में आयोजित किया जाएगा। साक्षात्कार के लिए प्रवेश-पत्र दिनांक 10.08.2023 के बाद पुलिस मुख्यालय की वेबसाइट www.cgpolice.gov.in से डाउनलोड किया जा सकेगा। साक्षात्कार में उपस्थित होने का दिनांक, समय, स्थान और अन्य जानकारी प्रवेश पत्र (Admit card) में ही दिया जाएगा।

## पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह दिल्ली एम्स में भर्ती



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को दिल्ली एम्स में भर्ती किया गया है। डॉ. रमन ने खुद यह जानकारी दी है। उन्होंने आज ट्वीट कर अपने एम्स में भर्ती होने की जानकारी दी उन्होंने ट्वीट कर लिखा कि पिछले कुछ दिनों से दिल्ली में हूँ, आज रूटीन चेकअप के लिए AIIMS जाना हुआ जहाँ चिकित्सकों के परामर्श से एहतियात के तौर पर भर्ती हुआ हूँ। फ़िलहाल स्वास्थ्य ठीक है, मानसून के बीच आप सब भी बारिश में पूरी एहतियात बरतें और स्वस्थ रहें।

## फावड़े से सो रही पत्नी और तीनों बेटियों को मार डाला, घर में पड़ी रही लहूलुहान लाशें

**जांजगीर।** जांजगीर जिले के देवरी गांव में देशराज कश्यप नाम के शख्स ने पत्नी और 4 बेटियों की फावड़े से वार कर हत्या कर दी। बुधवार रात को मकान से चारों की लाश मिली है। वारदात के बाद से आरोपी घर को बाहर से बंद कर फरार हो गया था। पुलिस ने 2 अगस्त की रात आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मामला बलौदा थाना अंतर्गत पंतोरा चौकी क्षेत्र का है। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक, ग्राम देवरी में देशराज



कश्यप अपनी पत्नी मोंगरा बाई (40) और 3 बेटियां पूजा (16), भाग्य लक्ष्मी (10) और याचना ( 6 ) के साथ रहता था। आरोपी का पिछले 10 साल से मानसिक रोग का इलाज चल रहा था। 31 जुलाई की रात खाना खाने के बाद मां और तीनों बेटियां कमरे में सोने के लिए चली गईं। रात में ही आरोपी देशराज उठा और फावड़े से सो रही पत्नी और तीनों बेटियों को मार डाला। 1 अगस्त और 2 अगस्त को दिनभर लोगों ने परिवार के किसी भी सदस्य को नहीं देखा, तो उन्हें अनहोनी की आशंका हुई। पड़ोसियों ने सरपंच को मामले की जानकारी दी। सरपंच भी देशराज के घर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घर का दरवाजा खुलवाया। अंदर पत्नी मोंगरा बाई और तीनों बेटियों की लाश लहूलुहान हालत में पड़ी थी।

## डेंगू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने कसी कमर

**रायपुर।** बरसात का मौसम शुरू होते ही वेक्टर जनित रोगो के संक्रमण की संभावना बढ़ जाती है। बरसात के मौसम में मुख्य रूप से मलेरिया एवं डेंगू के प्रकरण अधिक आते है। रायपुर जिला मलेरिया की दृष्टि से कम इन्सीडेंस वाले जिलो में आता है। डेंगू को लेकर जिले का स्वास्थ्य विभाग सजग रहते हुये कार्य कर रहा है। जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण ईकाई द्वारा जिले में वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम हेतु जून माह को मलेरिया रोधी





माह के रूप में मनाया गया तथा इसमें डेंगू वेक्टर एडिज के ब्रीडिंग को खतम करने के लिए सोर्स रिडक्शन की कार्यवाही की गई। टीम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर डेंगू के प्रति समुदाय में जनजागरूकता का प्रयास किया गया तथा जुलाई माह से प्रति सप्ताह ड्राई डे मनाने के लिए शहरी एवं ग्रामीण मितानिनों को जन समुदाय के सहयोग से प्रति सप्ताह ड्राई डे मनाने के निर्देश दिये गये।

इस बारे में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, रायपुर डॉ. मिथलेश चौधरी ने बताया, डेंगू के जांच हेतु सभी विकासखण्डों तथा शहरी क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो में डेंगू रैपिड किट उपलब्ध है। जिसमें धनात्मक आने पर सैम्पल एलाइजा टेस्ट हेतु भेजा जाता है। जिला अस्पताल पण्डरी रायपुर में डेंगू मरीजो के लिए वार्ड बनाया गया है। जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण ईकाई द्वारा रैपिड किट में धनात्मक पाये जाने पर धनात्मक मरीज के आस-पास 100 घरो में सोर्स रिडक्शन की कार्यवाही करते हुये टेमीफास नामक लार्वी साइड डाला जा रहा है। सामुदाय में जनजागरूकता की जा रही है। पम्पलेंट एवं पोस्टर के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। डेंगू बुखार एक आम वायरस जनित संचारी रोग है जो एडिज मच्छर के काटने से फैलता है।

### सीएम बघेल का वादा पूरा


### अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में देश को दिला चुकीं हैं पदक

## वेटलिफ्टर ज्ञानेश्वरी यादव बनेंगी एएसआई, नियुक्ति का आदेश जारी

**रायपुर।** एक बार फिर सीएम भूपेश ने अपना वादा पूरा किया है. सीएम भूपेश ने इस बार राजनांदगांव की वेटलिफ्टर ज्ञानेश्वरी यादव को नौकरी देने का वादा पूरा किया है. वेटलिफ्टर ज्ञानेश्वरी यादव छत्तीसगढ़ पुलिस में एएसआई बनेंगी. नियुक्ति का आदेश जारी कर दिया गया है।

हाल ही में ज्ञानेश्वरी यादव ने दिल्ली में आयोजित एशियन यूथ और जूनियर वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में महिलाओं के 49 भारवर्ग में रजत पदक अपने नाम किया है. ज्ञानेश्वरी ने यूथ एन्ड जूनियर वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में दूसरा स्थान हासिल किया।





कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला राजनांदगांव, छ0ग0

बता दें कॉमनवेल्थ वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में ज्ञानेश्वरी यादव ने जूनियर के साथ सीनियर वर्ग में भी स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं. इसी के साथ ज्ञानेश्वरी ने कॉमनवेल्थ चैंपियनशिप में पदक जीतने वाली छत्तीसगढ़ की पहली महिला वेटलिफ्टर होने की उपलब्धि भी अपने नाम कर चुकी है।






ज्ञानेश्वरी ने ग्रीस के हेराक्लिओन शहर में आयोजित जूनियर वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैम्पियनशिप की 49 किलो वर्ग के स्नेच, क्लीन एंड जर्क स्पर्धा में 156 किलोग्राम वजन उठाया था. उन्होंने तीन सिल्वर मेडल जीते और यह कीर्तिमान हासिल करने वाली छत्तीसगढ़ की पहली महिला वेटलिफ्टर बन गईं.

## जूनियर डाक्टरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल से ओपीडी रोगी भटके

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सभी सरकारी मेडिकल कालेज अस्पतालों के जूनियर डाक्टरों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। जूनियर डाक्टरों की हड़ताल से सबसे बड़े शासकीय आंबेडकर हास्पिटल में ओपीडी और आपातकालीन सेवाएं प्रभावित होने लगी है। हालांकि, सीनियर डाक्टरों ने जिम्मेदारी संभाली है, जो नाकाफी है। आंबेडकर अस्पताल में अब पहले से प्रस्तावित और इमरजेंसी आपरेशन ही होंगे। सीनियर डाक्टरों का



कहना है कि आपरेशन के बाद मरीजों की देखभाल जूनियर और इंटर्न छात्र ही करते हैं। ओपीडी और आपातकालीन सेवाएं देने के बाद आपरेशन के लिए मरीजों को मना करना मजबूरी हो गई है। आंबेडकर अस्पताल में जहां रोजाना औसतन 1700 से 1800 की ओपीडी होती थी, बुधवार को 1143 ही हुई। सीनियर डाक्टरों के कमरों में मरीजों की लंबी लाइन लगी हुई थी। जूनियर डाक्टरों ने स्टाइपेंड बढ़ाए जाने समेत चार सूत्रीय मांगों को लेकर मंगलवार को ओपीडी का बहिष्कार किया था।

# भाजपा मुस्लिम मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए इतनी ताकत क्यों झोंक रही है ?

एक समय था जब बीजेपी को ब्राह्मण-बनिया और अगड़ों की पार्टी समझा जाता था। दलित-पिछड़े उससे दूर रहते थे। मुसलमान तो बीजेपी का कट्टर विरोधी हुआ करता ही था। बाद में बीजेपी ने अपना दायरा बढ़ाया और राम मंदिर आंदोलन के सहारे पूरे हिन्दू समाज को संगठित करने का काम किया। इसी के साथ ब्राह्मण-बनिया वाली बीजेपी हिन्दूवादी पार्टी बन गई। इसका फायदा यह हुआ कि कई राज्यों में उसकी सरकारें बनीं।

केन्द्र में भी बीजेपी गठबंधन की सरकार बनी। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से निकले और बीजेपी के कद्दावर नेता अटल बिहारी वाजपेयी देश के पहले संघी विचाराधारा के प्रधानमंत्री बने। बाद में बीजेपी का प्रभाव और बढ़ा, लेकिन जातिवाद के नाम पर वोटों के बिखराव को बीजेपी आलाकमान लम्बे समय तक नहीं रोक पाया क्योंकि समाजवादी पार्टी के नेता मुलायम सिंह यादव और बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती लगातार पिछड़ों और दलितों को बीजेपी के खिलाफ भड़काने का काम करते रहे। इसके बाद यही काम आज अखिलेश यादव जातीय गणना की मांग करके आगे बढ़ा रहे हैं, लेकिन इसमें इन्हें कोई खास सफलता नहीं मिल रही है। बीजेपी ने एक मजबूत वोट बैंक खड़ा कर लिया है और अब इसे और मजबूत करने के लिए बीजेपी अपनी मुस्लिम विरोधी छवि तोड़ने का प्रयास कर रही है।

भाजपा मुसलमानों के पिछड़े वर्ग यानी पसमांदा समाज में पैठ बनाने और मुस्लिमों के बौद्धिक वर्ग में पार्टी के खिलाफ बनी धारणा तोड़ने की रणनीति पर आगे बढ़ रही है। इस क्रम में पार्टी के भीतर मुसलमानों की नई टीम तैयार की जा रही है, इसमें बौद्धिक और पिछड़ा वर्ग से जुड़ी शख्सियतों को तरजीह दी जा रही है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि लोकसभा चुनाव में मुस्लिम समुदाय के एक वर्ग का वोट हर हाल में हासिल करने की रणनीति बीते साल हैदराबाद में हुई राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में बनी थी। वोट की परवाह किए बिना मुस्लिम खासकर पसमांदा मुसलमानों से संपर्क साधने के पीएम के आह्वान के बाद इसके लिए रोडमैप तैयार किया गया। मुसलमानों की नई टीम बनाने के संकेत बीते साल



कई मौकों पर मिल चुके थे। उत्तर प्रदेश में मोहसिन रजा की जगह दानिश अंसारी को मंत्री बनाया गया। बीते साल ही मुख्तार अब्बास नकवी और जफर इस्लाम का राज्यसभा का कार्यकाल नहीं बढ़ाया गया। उसी साल मोदी सरकार ने गुर्जर मुस्लिम समुदाय के गुलाम अली खटाना को राज्यसभा में मनोनीत सदस्य बनाया। शहजाद पूनावाला के रूप में एक तेजतर्रार युवा को पार्टी का प्रवक्ता बनाया। मुसलमानों का

*भाजपा के रणनीतिकार मानते हैं कि बीजेपी के मुसलमानों में पैठ न बन पाने की बड़ी वजह बौद्धिक वर्ग में बनी पार्टी विरोधी धारणा है। इसी के चलते पसमांदा मुसलमानाओं और सरकारी योजनाओं के लाभार्थी वर्ग तक बीजेपी योजनाबद्ध तरीके से नहीं पहुंच पाई।*

दिल जीतने के लिये स्नेह यात्रा निकाली गई। अलीगढ़ विवि के पूर्व वाइस चासंलर प्रो. तारिक मंसूर का विधान परिषद में मनोनयन किया गया। इसके पीछे की सोच बौद्धिक मुस्लिम वर्ग की सोच को बदलना था। दरअसल, भाजपा के रणनीतिकार मानते हैं कि बीजेपी के मुसलमानों में पैठ न बन पाने की बड़ी वजह बौद्धिक वर्ग में बनी पार्टी विरोधी धारणा है। इसी के चलते पसमांदा मुसलमानाओं और सरकारी योजनाओं के लाभार्थी वर्ग तक बीजेपी योजनाबद्ध तरीके से नहीं पहुंच पाई। इन दोनों ही रुकावट को दूर करने के लिए पार्टी को इन्हीं वर्ग के नए और महत्वपूर्ण चेहरे की जरूरत थी। इसी क्रम में आरिफ मोहम्मद खान को राज्यपाल बनाने के बाद तारिक मंसूर को विधान परिषद में मनोनीत किया गया और अब उन्हें बीजेपी का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बना दिया गया है। इस समुदाय के पिछड़े और पसमांदा वर्ग के नए चेहरे को लगातार संगठन, सरकार और संसद में जगह दी गई। आगामी लोकसभा चुनाव खासतौर पर उत्तर प्रदेश में पार्टी के लिए किसी अग्नि परीक्षा से कम नहीं हैं। यूपी सहित बीजेपी के प्रभाव वाले राज्यों की ज्यादातर सीटें पार्टी के पास हैं, जबकि इस बार तेलंगाना को छोड़कर विस्तार की कोई गुंजाइश नहीं दिख रही। ऐसे में पार्टी को प्रभाव वाले क्षेत्रों की सीटें बरकरार रखने के लिए अतिरिक्त मत की जरूरत है, यह तभी हो सकता है जब मुसलमानों का भी दिल जीता जा सके। गौरतलब है कि पार्टी अतीत में मुसलमानों के संदर्भ में अब तक प्रतीकात्मक राजनीति करती रही थी। इसके कारण चुनिंदा चेहरों को संगठन और सरकार में अहमियत तो मिली, मगर पार्टी को इसका कोई लाभ नहीं मिला। पीएम इस परिपाटी को खत्म करना चाहते हैं। यही कारण है कि बीते नौ सालों में नजमा हेपतुल्ला, एमजे अकबर की अहमियत घटी, कई चेहरों को राज्यसभा में दोबारा मौका नहीं मिला। भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर हर पैंतरा अपना रही है। इसी क्रम में यूपी फतह के लिए बीजेपी केंद्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारियों की लिस्ट में यूपी के 8 नेताओं को जगह दी गई है। लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति व बीजेपी एमएलसी डॉ. तारिक मंसूर की हो रही है। बीजेपी आलाकमान ने उन्हें काफी सोच-विचार के बाद राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी है। मकसद साफ है, पार्टी आलाकमान अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति तारिक मंसूर के जरिए मुस्लिम वोटर्स को साधने का प्रयास कर रही है।

अजय कुमार

## संपादकीय

# हद पार करता उन्माद


दरअसल, समस्या यही है कि देश में बना मौजूदा माहौल कानून-व्यवस्था की इक्का-दुक्का समस्याओं का परिणाम नहीं है, बल्कि उसके पीछे एक राजनीतिक मकसद के संकेत आसानी से ढूंढे जा सकते हैं।

यह इतिहास-सिद्ध समझ है कि अगर किसी देश या समाज को उन्माद में उलझा दिया जाए, तो फिर उसे किसी दुश्मन की जरूरत नहीं रह जाती है। जब लोगों का एक बड़ा हिस्सा हर पल हिंसक सोच में उलझा रहे और उनमें से कुछ गाहे-बगाहे असल में हिंसा करने पर उतर आएं, तो जो माहौल बनता है, उसके बीच शांति, प्रगति, विकास आदि जैसी बातों के लिए कोई गुंजाइश नहीं बचती। दुर्भाग्य से भारत उसी दौर में प्रवेश करता दिख रहा है। उससे भी बड़े दुर्भाग्य की बात यह है कि जिन लोगों को देश की जनता ने राजकाज चलाने का दायित्व सौंपा है, वे ऐसी घटनाओं की निंदा करना तो दूर, कई बार उसे स्वीकृति प्रदान करते नजर आते हैं। उसका ही नतीजा जयपुर-मुंबई एक्सप्रेस में हुई अत्यंत दुखद घटना है। देश में कुछ 'पाकिस्तान से संचालित होते हैं' और अगर यहां रहना है, तो किन्हीं खास नेताओं को ही वोट देना होगा, अगर ये बातें गोलियां दाग कर कही जाने लगें, तो फिर यही कहा जाएगा कि नफरत का उन्माद हद पार करने लगा है।

# नीतीश कुमार और बादल परिवार का जिक्र कर मोदी ने जदयू और अकाली दल को बड़ा संदेश दिया है

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को एनडीए सांसदों की कलस्टरों की बैठक में एनडीए को त्याग की भावना से बना गठबंधन बताते हुए यह कहा कि विधायकों की कम संख्या होने के बावजूद भाजपा ने नीतीश कुमार को बिहार में मुख्यमंत्री बनाया। एनडीए के विस्तार में जुटे भाजपा के अभियान के बाद जिन दो राजनीतिक दलों की एनडीए के पाले में वापसी को लेकर लगातार और बार-बार कयास लगाए जा रहे हैं।

वह दोनों ही दल अभी तक इस बारे में कोई अंतिम फैसला शायद नहीं कर पा रहे हैं। स्वर्गीय प्रकाश सिंह बादल की पार्टी शिरोमणि अकाली दल जिसे उनके देहांत के बाद आजकल उनके बेटे सुखबीर सिंह बादल चला रहे हैं और दूसरा बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड। यह दोनों ही राजनीतिक दल भाजपा के पुराने सहयोगी रहे हैं। भाजपा पंजाब और बिहार में इन दलों के साथ मिलकर लंबे समय तक सरकार चला चुकी है और यह दोनों ही राजनीतिक दल केंद्र की अटल बिहारी वाजपेयी सरकार और नरेंद्र मोदी सरकार में भी शामिल रह चुके हैं लेकिन राजनीतिक परिस्थितियों की वजह से आज अकाली दल और जेडीयू, दोनों ही



**प्रधानमंत्री का राजनीतिक संदेश अपने आप में पूरी तरह से स्पष्ट और बड़ा संदेश है। इसका असर तुरंत भारतीय राजनीति में भले ही ना पड़े लेकिन माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में इसका असर निश्चित तौर पर भारत में गठबंधन राजनीति पर पड़ेगा और इससे एनडीए के विस्तार में भी तेजी आना निश्चित है।**

एनडीए से दूर हो चुके हैं। भाजपा का साथ छोड़ने के बाद नीतीश कुमार देशभर में 2024 लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी को हराने के मंत्र के साथ विपक्षी दलों को एकजुट करने की मुहिम में लगे हुए हैं तो वहीं सुखबीर सिंह बादल एनडीए और विरोधी दलों के गठबंधन दोनों से अलग हटकर मायावती की पार्टी बहुजन समाज पार्टी के साथ मिलकर पंजाब में अपने पुराने गौरवशाली दिनों को वापस लाने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा पहले ही कह चुके हैं कि भाजपा ने न तो किसी दल को एनडीए से जाने को कहा है और न ही आने को कहेगी, यह फैसला इन दोनों दलों के नेताओं को करना है कि वह फिर से भाजपा के साथ आना चाहते हैं या नहीं ? हालांकि जेडीयू और अकाली दल लगातार भाजपा के साथ फिर से जाने की खबर पर इंकार करने का ही स्टैंड अपनाए हुए हैं लेकिन इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं कमान संभालते हुए नीतीश कुमार और बादल परिवार दोनों को ही या यूं कहें कि जेडीयू और शिरोमणी अकाली दल को भाजपा के त्याग की याद दिलाते हुए कहा है कि एनडीए स्वार्थ नहीं त्याग की भावना से बना है। क्या न्यूजीलैंड की पूर्व मंत्री के आचरण से कोई सबक सीखेंगे भारत के नेता? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को एनडीए सांसदों की कलस्टरों की बैठक में एनडीए को त्याग की भावना से बना गठबंधन बताते हुए यह कहा कि विधायकों की कम संख्या होने के बावजूद भाजपा ने नीतीश कुमार को बिहार में मुख्यमंत्री बनाया। उन्होंने बादल परिवार को भी भाजपा के त्याग की याद दिलाते हुए कहा कि पंजाब में अकाली-भाजपा गठबंधन सरकार में भाजपा विधायकों की अच्छी खासी संख्या होने के बावजूद भाजपा ने उपमुख्यमंत्री का पद नहीं मांगा।

भारत डोगरा

## मिला जुला

# स्वाद के साथ कोरिया मिलेट्स कैफे परोस रहा ग्राहकों को सेहतमंदे भोजन

### रोशनी स्व-सहायता समूह से फैला परिवार में उजियारा

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

प्रकृति की गोद में बसे और हरियाली की चादर से ढंके कोरिया जिला मुख्यालय बैंकुंठपुर के कलेक्टोरेट परिसर स्थित कोरिया मिलेट्स कैफे मात्र तीन माह में ही ग्राहकों को स्वादिष्ट और सेहतमंद भोजन परोसकर अभूतपूर्व लोकप्रियता हासिल कर ली है और अन्य शहरों के लिए प्रेरणादायी बन गया है। भूपेश बघेल ने मुख्यमंत्री बनते ही ग्रामीणों, किसानों, बच्चों, युवाओं, महिलाओं और आदिवासियों के हित में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। उन्हीं निर्णयों का ही परिणाम है कि आज छत्तीसगढ़ को एक भरोसेमंद राज्य के रूप में देश में पहचान मिलने लगी है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ मिलेट मिशन एक बड़ा अभियान साबित हो रहा है। अभियान से प्रेरित होकर कोरिया जिला मुख्यालय, बैकुण्ठपुर में कलेक्टोरेट परिसर में ग्रोशनी महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने लघुधान्य



अनाजों से ऐसे-ऐसे व्यंजन तैयार कर रही हैं कि लोग दूर-दूर से आकर यहां नाश्ता और भोजन करने से नहीं चूक रहे हैं। रोशनी महिला स्व-सहायता समूह अपने नाम के अनुरूप कार्य कर रहा है। यहां दर्जनभर महिलाएं कार्यरत हैं, जो आठवीं से लेकर बारहवीं तक शिक्षित हैं। हाथ को काम, पेट को भोजन और परिवार को आर्थिक सम्बल मिल सके, इस ध्येय से स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष खुर्शिदा बेगम ने बताया कि जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की संवेदनशील पहल व मार्गदर्शन में कोरिया मिलेट्स कैफे प्रारंभ हो पाया। उन्होंने लगातार समूह को प्रोत्साहित कर रहे हैं। बेगम ने आगे बताया कि समूह के सभी सदस्यों ने मिलेट्स से भोजन, नाश्ता तैयार करने हेतु बकायदा रायपुर जाकर प्रशिक्षण प्राप्त किया है। यहां ज्वार, बाजरा, रागी, कोदो, किनवा जैसे लघुधान्य अनाजों से भात, खीर, उत्तपम, दोसा, इडली, सांभरबड़ा, मन्चुरियन, गुलाब जामुन, बिस्किट सहित अनेक तरह के नाश्ते, भोजन, हिना, ज्योति, लक्ष्मी, साहिबा, सुषमा, मुस्कान, शांति, बालकुमारी, सुनीता, अंजू, पारो, नीलिमा व शहजादी के हाथों तैयार होते हैं और कैफे को साफ-सुथरा रखने की जिम्मेदारी भी इन्हीं सदस्यों की है। जब ग्राहकों को गरमा-गरम नाश्ता या भोजन मिलता है तो वे यह कहने से नहीं चूकते कि इस तरह की कैफे की व्यवस्था सिर्फ बैकुण्ठपुर ही नहीं बल्कि प्रदेश के हर विकासखंड मुख्यालय में खुलना चाहिए ताकि लोगों को स्वाद के साथ सेहतमंद भोजन भी मिल सके। सोनहत टीआई हेमन्त अग्रवाल ने बताया कि यहां का भोजन बेहद स्वादिष्ट है, जब भी बैकुंठपुर आना होता है तो यहीं भोजन करते हैं।

नाश्ता करने पहुंचे नागपुर निवासी रामेश्वर दास ने बताया कि यहां का नाश्ता मजेदार है, पौष्टिक भी है। साथ ही यहां साफ सफाई का भी विशेष ध्यान रखा जाता है। मेंबरशिप लेने पर नाश्ते भोजन में छूट- कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा विगत दिनों मेंबरशिप प्लेटिनियम एवं गोल्ड मिलेट्स कार्ड का शुभारम्भ किया गया। कोरिया मिलेट्स कैफे ने महज 90 दिनों में करीब 11-12 लाख रुपए का व्यवसाय किया है। इस तरह इन महिला सदस्यों को हर माह 7 से 15 हजार रुपए तक का पारिश्रमिक भी मिल रहा है। बेगम ने बताया कि कोई भी ग्राहक 500 रुपए देकर प्लेटिनियम कार्ड एवं 300 रुपए देकर गोल्ड कार्ड सालाना का मेंबरशिप ले सकता है। 500 रुपए से अधिक राशि के भोजन करने पर 10 प्रतिशत तथा 300 रुपए के कार्ड पर भोजन, नाश्ता करने पर भी 5 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। कलेक्टर लंगेह ने नगरवासियों व यहां पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों से अपील करते हुए कहा कि कोरिया मिलेट्स कैफे का मेंमबरशिप अवश्य लें ताकि स्वादिष्ट व सेहतमंद भोजन प्राप्त करें। आगे उन्होंने कहा कि जिसके मन में कुछ करने की चाह होती हैए वह अपना रास्ता खुद निकाल लेते हैं यह रोशनी महिला स्व-सहायता समूह ने साबित किया है।

# सड़कों की बदहाली को लेकर ग्रामीणों द्वारा चुनाव बहिष्कार की धमकी विधायक की क्षमता पर सवालिया निशानः- उमेश अग्रवाल

जोहार छत्तीसगढ़ - रायगढ़।



पुसौर तहसील के तहत ग्राम सोड़ेकेला गाँव वासियों द्वारा बदहाल सड़को की शिकायत जनदर्शन मे करते हुए सड़क न बनने तक चुनाव के बहिष्कार की धमकी दिए जाने पर जिलाध्यक्ष एवम भाजपा नेता उमेश अग्रवाल ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि स्थानीय विधायक प्रकाश नायक द्वारा किए गए विकास कार्यों के दावे खोखले है। पांच सालो के दौरान विकास के दावे केवल हवा हवाई साबित हुए है। यही वजह है कि ग्रामीणों को सड़क नही बनने पर चुनाव बहिष्कार का निर्णय लेना पढ़ रहा है भाजपा नेता उमेश अग्रवाल ने ग्राम वासियों को आश्वस्त करते हुए कहा भाजपा की सरकार बनते ही सड़क निर्माण सहित अन्य जनहित की मांगों को प्राथमिकता से पूरा किया जायेगा। उमेश अग्रवाल ने कांग्रेस को चुनौती देते हुए कहा विकास के मुद्दे में कांग्रेस सार्वजनिक बहस करे ताकि जनता को यह मालूम चल सके कि विकास के मामले में भाजपा कांग्रेस से कितनी बेहतर है। भाजपा कार्यकाल का स्मरण कराते हुए उमेश अग्रवाल ने कहा झूठ के सहारे सत्ता के सिंहासन तक पहुंची कांग्रेस को जन हितो से कोई सरोकार नही। कांग्रेस भाजपा की सरकारों का फर्क समझाते हुए भाजपा नेता कहा छग का सबसे बड़ा सूरज गढ़ पुल,मेडिकल कॉलेज कॉलेज परियोजना,मेरिन ड्राइव चक्र पथ ओवर ब्रिज केलो पुल पर ओपी जिंदल सेतु एस ई सी एल सेतु सावित्री जिंदल पुलिया भाजपा कार्यकाल की देन है ।

भाजपा की सत्ता के दौरान जनता द्वारा मांग किए जाते ही गंभीरता से पूरी की जाती थी लेकिन कांग्रेस की सरकार के दौरान जनता को सड़क जैसी मांगो के लिए आंदोलन कर चुनाव बहिष्कार का निर्णय लेना पड़ रहा। केलो बांध निर्माण के नाम पर कांग्रेस केवल नारियल फोड़ने का काम करती रही लेकिन बांध बना कर केलो महतारी का कर्ज उतारने का काम भाजपा सरकार ने किया। इस बार भी माननीय मुख्यमंत्री जी केलो महतारी की आरती कर चले गए लेकिन किसान भाइयों के खेतो तक नहर निर्माण के लिए कोई घोषणा नही की। सोड़ेकेला गाँव वासियों द्वारा मुख्यमंत्री के भेंट मुलाकात कार्यक्रम दौरान भी सड़को की बदहाली से अवगत कराया था मुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद भी सड़क नही बनने पर उन्होंने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए चुनाव बहिष्कार का निर्णय लिया है।उमेश अग्रवाल ने कहा निर्वाचित जनप्रतिनिधि द्वारा विकास की मांग पूरी नहीं करना दुर्भाग्य जनक है। ऐसी घटनाओं से आम जनता के मन में लोक तंत्र के प्रति आस्था कम होगी। गांवासियो द्वारा स्थानीय विधायक पर उनकी मांग अनसुनी करने का आरोप लगाया भी लगाया है। आने वाले चुनाव में जनता कांग्रेस को सत्ता से बेदखल कर विकास का मार्ग स्वय प्रशस्त करेगी।

## मणिपुर में फिर भड़की हिंसा

# महिलाओं ने सुरक्षाकर्मियों पर किया पथराव, 17 लोग घायल

**इंफाल।** मणिपुर में हिंसा थमने का नाम ही नहीं ले रहा है. अब तक 160 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं. कई लोगों के शव इंफाल और चुराचांदपुर के अस्पतालों की मॉर्च्युरी में रखे हुए हैं. वहीं आज बिष्णुपुर जिले के कांगवई और फौगाकचाओ इलाके में हिंसा फिर भड़की है. कुछ प्रदर्शनकारी और सुरक्षाबलों के बीच झड़प होने से 17 लोग घायल हो गए हैं. हालात पर काबू करने के लिए सेना और आरएएफ के



जवानों ने आंसू गैस के गोले दागे।

बिष्णुपुर में मैतेई समुदाय की महिलाओं ने बफर जोन को पार करने का प्रयास किया. असम राइफल्स ने उन्हें रोकने की कोशिश की. इस पर महिलाएं सुरक्षाबलों पर पथराव करने लगी. भीड़ को तितर-बितर करने के लिए सुरक्षाबलों ने हवाई फायरिंग और आंसू गैस के गोले छोड़े. झड़प के बाद इंफाल और पश्चिमी इंफाल में कर्फ्यू में दी गई ढील वापस ले ली गई है। इस मामले में गुरुवार तड़के मणिपुर हाईकोर्ट ने अहम आदेश दिया. हाईकोर्ट ने प्रस्तावित भूमि के संबंध में यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया है. इस भूमि पर हिंसा में मारे गए कुकी समुदाय के सदस्यों के शवों को सामूहिक रूप से दफनाया जाना था.

# यूरोप में आमने-सामने नाटो और पुतिन का जिगरी दोस्त! बेलारूसी बॉर्डर पर सैनिक बढ़ाने लगा पोलैंड

**वारसॉ।** रूस यूक्रेन युद्ध की शुरुआत के बाद से यूरोप में तनाव बना हुआ है। अब इस तनाव के एक छोर पर नाटो है तो वहीं दूसरे छोर पर रूस का सबसे करीबी देश। मिन्स्क पर अपने हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने का आरोप लगाने के बाद पोलैंड बेलारूस के साथ सीमा पर और अधिक सैनिक तैनात करेगा। एक नाटो सदस्य और एक प्रमुख क्रेमलिन सहयोगी के बीच तनाव तेजी से बढ़ रहा है। वारसॉ ने कहा कि दो बेलारूसी हेलीकॉप्टरों ने मंगलवार को ट्रेनिंग एक्सरसाइज के



दौरान कथित तौर पर पोलिश हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया। हालांकि बेलारूसी रक्षा मंत्रालय ने इन आरोपों को खारिज किया है। यह खबर पोलैंड और लिथुआनिया के बीच भूमि की एक पतली पट्टी के पास बढ़ती गतिविधि के बीच सामने आई है, जिसकी ओर वैगनर ग्रुप के सैनिक बढ़ रहे हैं।

### बॉर्डर पर सैनिक और हेलिकॉप्टर बढ़े

पोलैंड रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा, मिन्स्क ने वारसॉ को अभ्यास के बारे में सूचना दी थी। लेकिन पूर्वी बियालोविज़ा क्षेत्र में बहुत कम ऊंचाई पर सीमा पार की गई। मंत्रालय ने कहा कि पोलिश रक्षा मंत्री मारियस ब्लास्ज़क ने बाद में आदेश दिया कि सीमा पर अधिक सैनिक और लड़ाकू हेलीकॉप्टर तैनात किए जाएं। बेलारूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा, एमआई-24 और एमआई-8 हेलीकॉप्टरों की ओर से हवाई क्षेत्र का कोई उल्लंघन नहीं किया गया।

## यश,आयुष,सुजय, तनु व हर्षिता बने स्टेट चैंपियन

# स्टेट सीनियर बैडमिंटन चैम्पियनशिप में रायपुर रहा सिरमौर,दुर्ग,बिलासपुर,सरगुजा का बेहतर प्रर्दशन

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।





योनेक्स सनराईज 22 वीं स्टेट सीनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप का मुकाबला भारी कशमकश के बीच संपन्न होने के साथ यश योगी बिलासपुर, आयुष मखीजा, सुजय तंबोली रायपुर, तनु चंद्रा यूनियन क्लब रायपुर, हर्षिता अग्रवाल यूनियन क्लब रायपुर ने स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप के अलग-अलग वर्गों जीत हासिल करते हुए टूर्नामेंट अपने नाम किया। उल्लेखनीय है कि 29 जुलाई से जिला बैडमिंटन संघ सूरजपुर के आतिथ्य में स्टेट बैडमिंटन एसोसिएशन के द्वारा सीनियर स्टेट चैंपियनशिप आहूत थी। 02 अगस्त को स्पर्धा के अंतिम दिन फईनल के मुकाबले में बैडमिंटन खिलाड़ियों ने भारी कशमकश के साथ खिताब अपने नाम किया। विदित हो कि इस चैंपियनशिप में पूरे प्रदेश से लगभग 200 से ऊपर वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और आपने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया। 29 जुलाई को प्रारंभ हुए चैंपियनशिप में 02 दिनों तक ट्रायल व क्वालीफाइंग मैच संपन्न हुए। इसके उपरांत मेन ड्रा के मैचों में चैंपियनशिप के समस्त में संपन्न हुए। जिसमें क्वार्टर फईनल और सेमीफाईनल के बाद फइनल में पहुंचे खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ स्टेट की टीम में शामिल होने का गौरव प्राप्त किया। इस दौरान सूरजपुर जिले के पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलेसिला, एसडीएम रवि सिंह व सेंट्रल ऑफ बैंक ऑफ इंडिया के सीनियर शाखा प्रबंधक राजीव रंजन एवं अल्ट्राटेक सीमेंट के अधिकारियों व डीलर की उपस्थिति में पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ। संपन्न हुए टूर्नामेंट में बिलासपुर के यश योगी ने एकल के मुकाबले में विजेता तथा रायपुर के जयादित्य प्रताप सिंह ने उपविजेता रह। वही युगल में रायपुर के आयुष माखजा व सुजय तंबोली विजेता तथा दुर्ग के एमवी अभिषेक व सरगुजा के परमजीत सिंह छाबड़ा उपविजेता रहे। महिला वर्ग के एकल मुकाबले में यूनियन क्लब रायपुर की तनु चंद्रा विजेता व यूनियन क्लब की हिरल चौहान उपविजेता रही। मिश्रित युगल में आयुष माखीजा व हर्षिता अग्रवाल विजेता तथा एमवी अभिषेक व रामा दत्ता उपविजेता रही। प्रतियोगिता में रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, बालौद, बलौदाबाजार, जांजगीर.चांपा, धमतरी, दुर्ग, कबीरधाम, कोरिया, सरगुजा, सूरजपुर, सारंगढ़, भिलाई, मनेन्द्रगढ़, जशपुर, महासमुंद सहित अन्य जिलों के खिलाड़ी चैम्पियनशीप में भाग लिया.रैफरी प्रताप भट्टाचार्य, गुरदीप सिंह,नरेन्द्र पटेल, दिव्यानी सिया, रोहित दिवेकर, घनश्याम सोनी व आदित्य भट्टाचार्य की टीम ने चैम्पियनशिप को सम्पन्न कराया। फाईनल के खिलाड़ियों को नगद व विनर.रनर ट्राफी से सम्मानित किया गया।

### नगर में रह 5 दिन खेल का वातावरण

स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप के दौरान शहर में भी 5 दिनों तक खेलो का वतावरण बना रहा। इस दौरान स्थानीय कॉलेज व विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं के साथ गणमान्य जन व खेल प्रेमी बड़ी तादाद में स्पोर्ट्स कंपलेक्स बैडमिंटन हॉल पहुंचे और स्टेट चैंपियनशिप में अपने खेल का प्रदर्शन दिखा रहे खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर खेलों का आनंद भी लिया।

### बैडमिंटन संघ ने किया आभार व्यक्त

***बैडमिंटन टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर जिला बैडमिंटन संघ के सचिव संदीप अग्रवाल ने समस्त प्रायोजकों का आभार व्यक्त करते हुए मिले सहयोग के लिए उन्हें साधुवाद व्यक्त किया है। उन्होंने पीआर, ग्रुप, जिला प्रशासन,पुलिस प्रशासन, एस ई सी एल प्रबंधन, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, सेंट्रल बैंक, नगर पालिका परिषद सहित पार्षद व एल्डरमैन सहित नगर के व्यापारिक संस्थानों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नगर वासियों व प्रशासन के सहयोग से ही इतने बड़ा आयोजन संपन्न हो पाया है।***

# रीपा में उत्पादित सामग्रियों का समुचित उठाव नहीं होने पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़-बिलाईगढ़।



*** समय-सीमा बैठक में राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने अधिकारियों को दिए निर्देश**

*** सड़क हादसे रोकने आवारा पशुओं की टैगिंग जल्द से जल्द पूरा करें - कलेक्टर**

जिला स्तर के अधिकारियों की साप्ताहिक प्रगति से अवगत होने कलेक्टर डॉ. फ रिहा आलम सिद्दीकी ने बुधवार 2 अगस्त को बैठक लेकर विभागीय कामकाजों एवं गतिविधियों की समीक्षा की। इस दौरान राजस्व के लंबित प्रकरणों का निराकरण आदर्श आचरण संहिता के प्रभावी होने के पहले करने के लिए राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया। इसी तरह जिले के रीपा गौठानों में उत्पादित सामग्रियों एवं उत्पादों का समुचित उठाव व परिवहन नहीं होने पर नाराजगी जताते हुए सभी जनपद पंचायतों के कार्यपालन अधिकारियों को ठोस कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कल सुबह 11 बजे से आयोजित समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने कहा कि रीपा गौठानों में उत्पादित सामानों का समय पर समुचित विपणन एवं परिवहन नहीं होने से शासन के वास्तविक उद्देश्यों की पूर्ति नहीं हो पाएगी। उन्होंने सभी जनपद सी.ई.ओ. को सख्त निर्देश देते हुए इसी सप्ताह के भीतर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए कहा। सड़कों पर आवारा पशुओं के विचरण और जमावड़ा के कारण होने वाले गम्भीर हादसों को रोकने उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देश के परिपालन में जिले में भी आवारा पशुओं का चिन्हांकन कर उनकी टैगिंग की जा रही है, साथ ही पशुओं के गले में रेडियमयुक्त पट्टियां लगाई जा रही हैं। नगरीय क्षेत्रों में अभी भी आवारा पशुओं के विरूद्ध सही ढंग से कार्रवाई नहीं किए जाने पर कलेक्टर ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी सारंगढ़ को ठोस कार्ययोजना तैयार कर जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए। इस दौरान उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं ने बताया कि अब तक जिले में लगभग दो हजार आवारा पशुओं का चिन्हांकन कर आज तक की स्थिति में 866 की टैगिंग की गई तथा 119 पशुओं के गले में रेडियम पट्टी बांधी गई है। उन्होंने बताया कि मुख्य मार्ग से लगे गांवों के अलावा सभी नगरीय निकायों में भी ऐसे पशुओं का चिन्हांकन और टैगिंग की कार्रवाई की जा रही है। इसी तरह राजस्व के लंबित प्रकरणों को गम्भीरता से निराकृत करने और आगामी दो माह के भीतर सभी तरह के राजस्व मामलों का निबटारा करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए। आगामी विधानसभा निर्वाचन को दृष्टिगत करते हुए कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने, बिना उनकी अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ने तथा स्वीप अभियान के तहत सतत् पौधारोपण करने, 31 अगस्त तक जिले की मतदाता सूची में नाम जुड़वाने सहित आदर्श आचरण संहिता के लागू होने से पहले सभी लंबित विभागीय कार्यों को निष्पादित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा विभिन्न विषयों पर आवश्यकतानुसार कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर एसडीएम सारंगढ़ मोनिका वर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज नोडल अधिकारी जिला पंचायत हरिशंकर चौहान सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तर के अधिकारी बैठक में उपस्थित थे।

# ईवीएम व वीवीपैट का प्रदर्शन हुआ प्रारंभ

## गांव-गांव में बूथों का प्रदर्शन किया जा रहा,युवा मतदाताओं ने वोट देने उत्सुकता दिखाई

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।



राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश व कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल एवं डॉ. प्रियंका वर्मा के निर्देशानुसार, एसडीएम रामानुजनगर नंदजी पाण्डेय के मार्गदर्शन में विकासखंड रामानुजनगर में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत प्रतिदिन ईव्हीएम एवं वीवीपैट का प्रदर्शन निरंतर जारी है। जिससे जिले के आम नागरिकों को ईव्हीएम में अपने मताधिकार के कार्य प्रणाली के संबंध में जानकारी प्राप्त हो सके। सभी मतदान केन्द्रों में ईव्हीएम का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। गौरतलब है कि मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप अंतर्गत समावेशी, सुगम एवं सहभागी निर्वाचन के लिए ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीन के संबंध में जनसामान्य को जानकारी दी जा रही है। ईवीएम प्रदर्शन प्रभारी योगेश साहू ने ग्रामीणों को बताया कि वोटर वेरीफ एबल पेपर ऑडिट ट्रेल यानी वीवीपैट व्यवस्था के तहत जब आप मशीन में वोट डालते है। वोट डालने के तुरंत बाद कागज की एक पर्ची बनती है। इस पर्ची पर जिस उम्मीदवार को वोट दिया है, उनका नाम और चुनाव चिन्ह छपा होता है। पर्ची वीवीपैट के स्क्रीन पर वोटर को 07 सेकेण्ड तक दिखता है जिससे आप संतुष्ट हो सके, जिससे वोट दिया है उसी का प्रिंट आया। पर्ची 07 सेकण्ड दिखने के पश्चात वीवीपैट के बॉक्स में कटकर गिरती है। टीम ने ईवीएम व वीवीपैट से बूथों पर लोगों को ईवीएम के प्रति फैली भ्रांति और अफवाहों को दूर किया गया। बूथ पर पहुंचे वयस्क, बुजुर्ग, युवती, महिला मतदाताओं ने मॉक पोल को देखा और ग्रामीणों ने अपना वोट डालने के बाद अपने वोट का पर्ची से मिलान किया। जिस बटन को उन्होंने दबाया है उसी की पर्ची निकल रही है। एसडीएम ने बताया कि सभी मतदेय स्थलों पर ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों का प्रदर्शन जागरूकता के लिए किया जा रहा है। सभी मतदाताओं से अपील की अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर ईवीएम एवं वीवीपैट से मॉक पोल करके संतुष्ट हों। टीम प्रभारी ने बताया कि गुरुवार गोपीपुर, सोनपुर, आमगांव, पम्पापुर आदि एवं शुक्रवार को आमगांव, कोट, पटना, चंदरपुर आदि गांवों के साथ शनिवार को तेलसरा, पस्ता कुम्हारपारा, पस्ता जुनापारा नारायणपुर आदि गांव के बूथों पर ईवीएम मशीन का प्रदर्शन किया जाएगा। आज ईवीएम प्रदर्शन प्रभारी रविशंकर पांडेय और योगेश साहू द्वारा देवनगर, कल्याणपुर, बिशुनपुर और पंडरी में कराया गया।

## कलेक्टर ने ली राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक

### विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण एवं प्रारंभिक मतदाता सूची प्रकाशन के संबंध में दी जानकारी

**कोरबा** । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सौरभ कुमार ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अंतर्गत मतदाता सूची में नाम जोड़ने तथा मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन की जानकारी दी और राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि 25 मई से 23 जून 23 तक संबंधित मतदान केंद्र के बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन किया गया। इसी तरह 24 जून से 24 जुलाई तक मतदान केंद्रों की युक्तियुक्त करण की जानकारी भी उन्होंने दी। कलेक्टर ने बैठक में बताया कि फोटो युक्त मतदाता सूची एवं सेवा निर्वाचकों से संबंधित मतदाता सूची का प्रकाशन 02 अगस्त 2023 की स्थिति में किया गया है।

## एक नजर

### बिलाईगढ़ के रैली में गूंजा जन-जन का नारा है, मतदान अधिकार हमारा है

बिलाईगढ़ में रैली, गीत और नुक्क ड़ नाटक से किया गया मतदाता जागरूकता

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।



कलेक्टर डॉ. फ रिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन में शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय से स्वामी आत्मानंद विद्यालय बिलाईगढ़ तक में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली बिलाईगढ़ के मुख्य मार्ग से होकर तहसील चौक, टिकरापारा, बस स्टैंड से होते हुए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी विद्यालय पहुंची। एसडीएम डॉ. स्निग्धा तिवारी के नेतृत्व में स्कूल और कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने रैली के दौरान मतदाताओं के जागरूकता के लिए नारा का सामूहिक रूप से ऊर्जावान उद्घोष किया, जिनमें मतदाता सूची म नाम लिखाबो, वोट देहे के अधिकार पाबो, लोकतंत्र का भाग्य विधाता, होता जागरूक मतदाता, जन-जन का नारा है मतदान अधिकार हमारा है। लोकतंत्र में हिस्सेदारी हम सबकी है जिम्मेदारी का नारा शामिल है। रैली के समापन अवसर पर एसडीएम और निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी डॉ. स्निग्धा तिवारी ने सामूहिक शपथ दिलाई। एसडीएम ने अपने कॉलेज के विद्यार्थियों को संबोधन करते हुए कहा कि युवा देश के भविष्य होते हैं। इनका शत-प्रतिशत पंजीयन हो, ऐसा प्रयास करते हुए अपने क्षेत्र में जागरूकता का प्रसार करें और मतदान के लिए सभी को प्रेरित करें। शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छुईंहा के विद्यार्थियों द्वारा मतदान हमारा अधिकार विषय पर लघु-नाटिका प्रस्तुत की गई। साथ ही साथ स्कूली छात्र-छात्राओं हम भारत के मतदाता, गीत पर नृत्य के माध्यम से मतदान की ताकत को प्रदर्शित किया गया। इस रैली और सभाकक्ष के कार्यक्रम में स्कूली और कॉलेज के छात्र-छात्राएं, जनप्रतिनिधियों, सीईओ बिलाईगढ़ योगेश्वरी बर्मन, सीएमओ मनीष गायकवाड़, अधिकारियों-कर्मचारियों, आंगनबाड़ी कर्मियों और बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया।





### कोई भी मतदाता मतदान से वंचित न हो, मतदाता सूची के कार्य को गंभीरता से करें : कलेक्टर

**कोरबा** । भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जारी एकीकृत मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के पश्चात कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार ने जिले के सभी राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के कार्यों पर चर्चा करते हुए सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्वाचन की प्रक्रिया को सम्पन्न कराने के लिए सर्वप्रथम भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों को समझना और जानना आवश्यक है। इसलिए सभी अधिकारी प्रक्रिया के अनुसार कार्य करें। उन्होंने कहा कि सभी तहसीलदार और नायब तहसीलदार अपने-अपने क्षेत्र के मतदान केंद्रों का अवलोकन करें। कोई भी मतदाता छूटे न, इसके लिए निर्धारित प्रपत्र में जानकारी प्राप्त कर नाम जोड़ने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। अनावश्यक किसी भी मतदान केंद्र का स्थान परिवर्तित न किया जाए। कलेक्टर ने निर्वाचन के कार्यों को निर्धारित समय में जिम्मेदारी के साथ त्रुटिरहित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें निर्देशित किया कि नई तहसील बनने के बाद कंट्रोल टेबल को जाँच ले। किसी प्रकार की कमी महसूस होने पर जानकारी दे और ठीक करें। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में सबकी भूमिका सर्वोपरि है। सभी मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर पाए, इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा निर्धारित दिशा निर्देशों का पालन करें। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को अपने अनुभाग क्षेत्रों में राजीनीतिक दल के पदाधिकारियों की बैठक लेने और राजीनीतिक दलों को उनके द्वारा बूथ स्तर पर प्रतिनिधि नियुक्त करने के साथ अन्य आवश्यक गतिविधियों की जानकारी प्रदान करने के निर्देश भी दिए।

## क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाने से कभी भी हो सकता बड़ा हादसा

# स्वामी आत्मानंद स्कूल में बच्चों को आने-जाने वाहन की व्यवस्था नहीं होने से, ऑटो-संचालक कर रहे मनमानी

जोहार छत्तीसगढ़ - कुसमी।

**छत्तीसगढ़ सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार करते हुए, बच?चों के उज्वल भविष्य के लिए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूल की शुरुआत की है।**



आपको बता दे कि कुसमी विकासखंड के अंतर्गत सेमरा में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्थिति है। जहाँ स्कूली बच्चों भारी संख्या में विद्यार्थियों अपना अध्ययन करते है। स्वामी आत्मानंद सेमरा स्कूल में आने-जाने के लिए वाहन की कोई व्यवस्था नहीं है। जिसका फायदा ऑटो-टेम्पू संचालक उठा रहे है। बड़ी मात्रा में अधिक संख्या में बच्चों को बैठाने से कभी भी हो सकता है, बड़ा हादसा।

कुसमी से सेमरा स्कूल की दूरी की बात करे तो 2-3 किलोमीटर की दूरी है। स्कूल जाने के लिए विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी सुविधा से व साइकिल व छोटे बच्चों को अभिवाहक स्कूल छोड़ने जाते है, व कुछ विद्यार्थियों पैदल स्कूल आना-जाना करते है। लेकिन सोचने वाली बात यह है, जो बच्चें कुसमी विकासखंड के अंतर्गत गांव से जो बच्चें आते है। जैसे कि कमलापुर, रतासिली, जामटोली, जवाहरनगर, और भी कई ग्राम पंचायत के बच्चें भी कुसमी स्वामी आत्मानंद में अध्यनरत है। अभिवाहको के द्वारा बच्चों को स्कूल आने-जाने के लिए, हर दिन स्कूल घर जाने के लिए ऑटो-टेम्पू वाहन से आना-जाना करते है।

लेकिन यहाँ विडम्बना यह भी है कि, ऑटो-टेम्पू चालकों के द्वारा अपने ऑटो-टेम्पू सीट से ज्यादा संख्या में बच्चों को भर कर स्कूल ले जेने व घर पहुचाया जा रहा है। यहाँ अभिवाहक के साथ-साथ ऑटो-टेम्पू चालक की लापरवाही भी सामने देखी जा रही है। साथ ही शासन-प्रशासन की भी बड़ी लापरवाही है, की ऑटो जैसे वाहनों में इस तरह से बच्चों को भारी संख्या में भरकर ले जाने की छूट दे दी है। ना तो इन ऑटो-टेम्पू चालको के पास किसी तरह की आरटीओ कोई पासिंग है, न कोई आरटीओ संबंधित दस्तावेज उसके बाद भी धड़ल्ले रूप से अवैध तरीके से ऑटो-टेम्पू वाहन चालक अपनी मनमानी रुप से अधिक मुनाफा को लेकर दुर्घटना को नेवता दे रहे है। अगर किसी तरह की दुर्धटना निर्मित हो जाती है। तो आखरी कार इसका ज़िमेदार कौन होगा।

सवाल यहाँ ये भी खड़ा होता है, ऑटो-टेम्पू चालक के ऊपर इस तरह से अधिक क्षमता में सीट से अधिक बच्चो को बैठाकर अनलीगल तरह से नियम के विरुद्ध करने वाले ऑटो-टेम्पू चालको के ऊपर शासन-प्रशासन को सख्त कार्यवाही करने की जरुरत है।

ताकि भविष्य में किसी प्रकार की घटना-दुर्घटना को छोटे बच्चों के साथ कभी नहो।

साथ ही आपको बता दे कि 3अगस्त 2023 को जैसे ही सेमरा स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल के छोटे-बच्चों की छुट्टी के बाद ऑटो-टेम्पू में सभी बच्चो को घर पहुँचने के लिए ऑटो-टेम्पू स्कूल से आ रही थी तभी कुसमी तहसील के पास ऑटो-टेम्पू में ज्यादा संख्या में छोटे-बच्चे सवार थे।

उसी बीच जगदीश वर्मा सदस्य छ.ग. असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मण्डल छत्तीसगढ़ शासन बलरामपुर मीटिंग में जा रहे उसी दौरान उनकी नजर टेम्पू में भारी संख्या में बैठे छोटे-बच्चों पर नजर पड़ी और ऑटो-टेम्पू चालक को समझाइस दी कि इस तरह से अधिक संख्या में बच्चो को लेकर जाना गलत है। दुर्घटना होती है। तो इसकी जिम्मेदारी किसी है, साथ ही इसकी सूचना कुसमी थाना प्रभारी सुनील केरकेट्टा को दी। जगदीश वार्म सदस्य (छ.ग.) ने उसके बाद कुसमी थाना मुंशी पुलिस-कर्मियों के द्वारा ऑटो-टेम्पू वाहन के चालक के साथ-साथ ऑटो नम्बर व फोन नंबर ली गयी और उसे बच्चों को छोड़कर थाना आने को कहा गया। आगे की कार्यवाही अब देखना होगा कि पुलिस प्रशासन क्या करती है।

आपको बता दे कि इस तरह से ऑटो-टेम्पू में अपने छोटे-नंन्हे बच्चो को अभिवाहक अपने गांव घर से सेमरा स्वामी आत्मानंद अध्ययन के लिए भेजते है। और टेम्पू चालक की मनमानी दीखिए की बेधड़क रूप से किसी की दर न भय्य बच्चों को एक ऑटो-टेम्पू में 20 -25 बच्चों को बैठाकर घर छोड़ने का काम कर रही है। और शासन प्रशासन इस पर चुप्पी साध रहे है। सरवन गुप्ता - कमलापुर के अभिवाहको का कहना है कि हम अपने बच्चों को अपने यहाँ से 8-10 की संख्या में भेजते है, लेकिन ऑटो-टेम्पू चालक की मनमानी है, कि वो 20-25 बच्चो को एक ही ऑटो-टेम्पू में बैठाकर अधिक मुनाफा के चक्कर मे ये काम कर रही है, इस और आरटीओ संबंधित व पुलिस-प्रशासन को ध्यान देना चाहिए ताकि कोई घटना-दुर्घटना स्वामी आत्मानंद के बच्चों न हो।

### *क्या कहते नव पदस्थ बीईओ रामपथ यादव

आपलोग के माध्यम से मुझे पता चल रहा है, कि ऑटो टेम्पू में स्वामी आत्मानंद सेमरा स्कूल के बच्चे क्षमता से अधिक संख्या में ऑटो में बैठ रहे। मैं इसके लिए स्वामी आत्मानंद के प्रिंसिपल को तत्काल अभिवाहक पालक लोगों का मीटिंग बुलवाकर इस समस्या को निराकरण करवाने का पूरा प्रयास करूंगा।

# छत्तीसगढ़ के 90 विधानसभा सीटों में पत्थलगांव विधानसभा सीट की भूमिका क्यों हर बार अहम हो जाती है

जोहार छत्तीसगढ़-पालीडीह।





छत्तीसगढ़ के 90 विधानसभा में पत्थलगांव विधानसभा सीट एक अहम सीट मानी जाती हैं यहां से वर्तमान विधायक रामपुकार सिंह 8 बार विधानसभा जीत कर रिकार्ड बना चुके है और छत्तीसगढ़ के सबसे वरिष्ठ विधायक माने जाते हैं। पत्थलगांव सीट इस लिहाज से भी महत्वपूर्ण मानी जाती है कि इनके सामने भाजपा ने अपने नामी नेताओं को लड़ाया पर वे रामपुकार सिंह को हारने में नाकामयाब रहे। 2013 में भले ही वे भाजपा के कंवर समाज के नए चेहरे शिव शंकर साय से हार गए परन्तु भाजपा के विष्णु देव साय को दो बार हराया।

## आखिर क्यों है क्षेत्र में उनकी पकड़

रामपुकार सिंह बेहद सज्जन और वरिष्ठ नेता हैं जिनकी क्षेत्र में गहरी पैठ है उनकी मिलनसार स्वभाव के कारण क्षेत्र के युवा बुजुर्ग किसान सभी अच्छी तरह से जुड़े हुए हैं। वे सभी का बराबर सम्मान करते है हमेशा से लो प्रोफइल रहकर जनता की सेवा करते है। इसलिए उनसे जनता खुश रहती है चुनाव में भारी संख्या में वोट देकर कांग्रेस को जिताती रही है। आपको बता दें की पत्थलगांव विधानसभा में किसान टमाटर सब्जी धान बड़े पैमाने पर उत्पादन करते है जिनके लिए शुरुआत के दौर में उन्होंने बालाझार तमता, पाकरगांव जैसे बड़े डेम बनाये जिसका सीधा लाभ वहां के किसानों को मिल किसान समृद्ध हुए और उन्होंने हर चुनाव में बढ़-चढ़ कर वोटिंग किया उन्होंने प्रमुख सड़क के साथ गांव के सड़क बना कर सबका दिल जीता लेकिन पिछले 9 वर्षों से बन रही एनएच सड़क उनकी छवि पर दाग लगा दे रही भले ही यह सड़क केंद्र सरकार के जिम्मे है लेकिन उनके ही विधानसभा में सड़क बन नहीं पा रही है शिक्षा स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी आज पत्थलगांव बेहतर स्थिति में है 100 बिस्तर अस्पताल है। हर जगह जहां आवश्यकता है वहां उन्होंने स्कूल खोल दिया 2023 में पत्थलगांव में संकल्प शिक्षण संस्थान भी खोला गया है

## जिला नहीं बनना कांग्रेस के लिए सर दर्द बन सकता है

वर्षों से पत्थलगांव को जिला बनाने की मांग है लेकिन राज्य बनने के 23 साल बाद भी वहां के लोगों की मांग अधूरी है कांग्रेस की सरकार बनने के बाद लोगों में आस जगी लेकिन इस गोरमेंट में भी उनकी मांग पूरी नहीं हो सकी इसका लोगों में रोष है। पत्थलगांव सीट की के विधायक रामपुकार सिंह गोड़ हैं, लेकिन कंवर और उरांव बहुल सीट पर अपना दबदबा बनाकर रखे हुए हैं। पत्थलगांव विधानसभा और यहां के वर्तमान विधायक दोनों के नाम एक अनोखा रिकॉर्ड दर्ज है। इस विधानसभा में अब तक कुल 13 चुनाव हुए हैं। इन 13 चुनाव में कांग्रेस ने कुल 9 बार जीत दर्ज की है और इस जीत के हीरो रहे विधायक रामपुकार सिंह। रामपुकार ने कांग्रेस की कुल 9 जीत में 8 बार विधायक बने और ये एक रिकॉर्ड बन गया है।

पत्थलगांव विधानसभा क्षेत्र में साल 1962 में पहला चुनाव हुआ। पहले चुनाव में राम राज्य परिषद के लालजीत सिंह और कांग्रेस से उम्मेद सिंह आमने.सामने थे। पहले चुनाव में पत्थलगांव विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 60472 थीए जिनमें से 25544 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चुनाव में लालजीत सिंह ने 619 वोट के अंतर से कांग्रेस के उम्मेद सिंह को हराया और क्षेत्र के पहले विधायक बने।

## 1977 में रामपुकार सिंह ने जीता था पहला चुनाव

वर्तमान विधायक रामपुकार सिंह कांग्रेस की टिकट पर अब तक कुल 10 बार चुनाव लड़ चुके हैं। साल 1977 में कांग्रेस ने रामपुकार सिंह को उम्मीदवार घोषित किया। उनके सामने जनता पार्टी के मंगल साय थे। रामपुकार सिंह ने यह चुनाव 834 वोट के अंतर से जीत लिया। इसके बाद वे हर चुनाव में कांग्रेस के उम्मीदवार रहे। इस दौरान उन्होंने 1980ए 1985ए 1993ए 1998ए 2003ए 2008 और 2018 में जीत दर्ज की। साल 1990 के चुनाव में पूर्व विधायक लालजीत सिंह से चुनाव हार गए थे। इसी तरह साल 2013 के चुनाव में शिवशंकर पैकरा ने उन्हें हराया था।

## सबसे बड़ी जीत और सबसे छोटी जीत भी रामपुकार की

*रू कांग्रेस विधायक रामपुकार सिंह के नाम सर्वाधिक वोट और सबसे कम वोट से चुनाव जीतने का रिकॉर्ड भी है। 2018 का विधानसभा चुनाव रामपुकार सिंह ने 36686 वोट से जीता था। इसी तरह साल 2003 के विधानसभा चुनाव में रामपुकार सिंह ने भाजपा के विष्णुदेव साय को महज 317 वोट के अंतर से हराया था। इस सीट से एक बार राम राज्य परिषद और एक बार भारतीय जनसंघ ने चुनाव जीता है।*

## *9 बार कांग्रेसए दो बार बीजेपी का रहा कब्जा*

*रू पत्थलगांव विधानसभा सीट से कांग्रेस ने कुल 9 चुनाव जीता है। इसी तरह भाजपा के हिस्से में केवल दो जीत ही आई है। भाजपा ने इस सीट से 1990 में जीत दर्ज की थी। भाजपा के लालजीत सिंह ने कांग्रेस के रामपुकार सिंह को 1414 वोट से हराया था। इसके बाद 2013 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के शिवशंकर पैकरा ने जीत दर्ज की थी।*

## एक नजर

### जिले में 646.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 3 अगस्त तक 646.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 133.4 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 570.4 मिली मीटर, पुसौर में 681.8, खरसिया में 424.7, घरघोड़ा में 503.4, तमनार में 639.4, लैलूंगा में 662.8, मुकडेगा में 778.2, धरमजयगढ़ में 769, छाल में 569 एवं कापू में 863.8 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### कैरियर गाईडेंस सेमीनारः एसडीएम गगन शर्मा छात्रों को देंगे मार्गदर्शन

आज जिला ग्रंथालय में होगा कैरियर गाइडेंस सेशन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की पहल से जिले में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के मार्गदर्शन के लिए प्रत्येक शुक्रवार को जिला ग्रन्थालय में कैरियर गाइडेंस सेशन आयोजित किया जा रहा है। जिसमें जिले के वरिष्ठ अधिकारी छात्रों से रूबरू होकर अपने अनुभव साझा करते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे प्रतिभागियों को सफलता के टिप्स दे रहे है। इसी क्रम में शुक्रवार 4 अगस्त को अपरान्ह 3 बजे से जिले में पदस्थ एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा छात्रों को मार्गदर्शन देंगे। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर सिन्हा की विशेष पहल पर रायगढ़ जिला में युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा के तैयारी एवं रोजगार के अवसरों के लिए विशेष मार्गदर्शन एवं कोचिंग कक्षायें जिला ग्रंथालय रायगढ़ में संचालित किए जा रहे हैं, इसके साथ ही वर्तमान में जिला ग्रंथालय रायगढ़ में पीएससी की कोचिंग कक्षायें भी संचालित हो रही हैं। जिससे प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं को बेहतर व प्रतियोगी माहौल प्रदान किया जा सके। इस कार्यक्रम के तहत पिछले हफ्ते जिले में पदस्थ आईपीएस उदित पुष्कर ने छात्रों का मार्गदर्शन किया था।

### वनकर्मियों को दिया सांप पकड़ने का प्रशिक्षण, सांपों के सफल रेस्क्यू से इंसानो की बचाई जा सकती जान

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।



जिला वन मंडल कार्यालय में स्नेक रेस्क्यू करने प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण नोवा नेचर के अध्यक्ष एवं उनके दल के द्वारा दिया गया। प्रशिक्षकों द्वारा सांप की विभिन्न प्रजातियों के बारे में पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी गई तथा भारत में पाए जाने वाले जहरीले सांपों से बचने एवं उसका रेस्क्यू करने के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। वनमण्डलाधिकारी संजय यादव ने बताया कि एक तरफ सांपों के सफल रेस्क्यू से इंसानो की जान बचायी जा सकती है तो दूसरी तरफ दुर्लभ प्रजाति के सांपों की रक्षा भी की जा सकती है। यदि कहीं पर सांप का रेस्क्यू किया जाना हो, तो वन विभाग के कर्मचारियों से संपर्क किया जा सकता है। प्रशिक्षण में वनमण्डलाधिकारी, उप वनमंडलाधिकारी, परिक्षेत्राधिकारी, क्षेत्रीय वन कर्मचारी एवं स्थानीय व्यक्ति उपस्थित रहे।

### सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में बाढ़ नियंत्रण हेतु 07768299016 पर कॉल करें

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने लगातार बरसात से बाढ़ आपदा के मद्देनजर जिले में बाढ़ नियंत्रण कक्ष एवं आपदा राहत शाखा की स्थापना विगत माह से की है। जिले में 24 घंटे बाढ़ नियंत्रण केन्द्र कलेक्ट्रेट सारंगढ़ में है। बाढ़ कन्ट्रोल रूम का फोन नंबर 07768.299016 चालू है, जहां नगर सैनिकों की ड्यूटी लगाई गई है। उन सैनिकों के मोबाइल नंबर-9753142926, 8827148855, 9340761945, 8878257818 है। डिप्टी कलेक्टर टी.आर. महेश्वरी मो.नं. 8103365300 को बाढ़ आपदा राहत शाखा का प्रभारी व नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसी प्रकार जिले के तहसील मुख्यालय कार्यालयों में भी बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है एवं अधिकारियों को नियंत्रण अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है। इसके अनुसार एसडीएम बिलाईगढ़ डॉ. स्निग्धा तिवारी का मो.नं. 7987283205, एसडीएम सारंगढ़ मोनिका वर्मा का मो.नं. 9329341984 है। इन फोन और मोबाइल नंबर में बाढ़ एवं आपदा संबंधी सूचना दिया जा सकता है।

# ग्राम गुड़ेली और साल्हेओना स्थित शासकीय विद्यालयों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़-बिलाईगढ़।



## महानदी के बढ़ते जलस्तर का अवलोकन करने चंद्रपुर एवं नदीगांव सेतु का लिया जायजा

कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने आज शासकीय विद्यालय गुड़ेली का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बच्चों की पढ़ाई के संबंध में शिक्षकों से अद्यतन जानकारी ली। इसके पश्चात् कलेक्टर आठवीं कक्षा के छात्रों से रूबरू हुई, इस दौरान बच्चों ने हिन्दी पाठ्यपुस्तक से पानीपत का युध्द के बारे में पढ़कर बताया। छात्रा नम्रता की हिन्दी कापी की जांच कर कलेक्टर ने लिखावट की प्रशंसा कर उत्साहवर्धन किया। साथ ही विज्ञान विषय से जुड़े सवाल पूछे जिस पर बच्चों की हाजिर जवाबी और विषय में उनकी पकड़ को देखते हुए उपस्थित विषय शिक्षिका की तारीफ की। कलेक्टर ने छात्रों को सलाह दी कि स्कूल में पढ़ने के अलावा घर में भी अपनी तैयारी करें। इसके अलावा विद्यालय के स्टॉफ से ग्राउंड में जमा पानी को देखकर उसकी निकासी की समुचित व्यवस्था करने को कहा। इसके पश्चात कलेक्टर ने साल्हेओना के शासकीय विद्यालय का निरीक्षण किया। ट्रेनिंग के पश्चात् नवीन भर्ती लेकर आए शिक्षकों से पढ़ाई के बारे में फीडबैक लिया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को अपने जीवन का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विषयवार अध्ययन करने हेतु प्रोत्साहित किया और शिक्षकों को अतिरिक्त प्रयास करने के लिए निर्देशित किया। पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश के बाद महानदी के बढ़ते जलस्तर को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने चंद्रपुर पुल में बढ़े हुए जलस्तर का जायजा लिया। पुल का वर्तमान जलस्तर 47 फिट था। बताया गया कि पिछले वर्ष के आंकड़ों की बात करें तो 55 फीट में बाढ़ की स्थिति निर्मित हुई थी। इसके पश्चात् कलेक्टर ने सरिया स्थित नदीगांव पुल का भी निरीक्षण किया एवं डुबान क्षेत्र में आने वाले गांवों की जानकारी लेते हुए उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने कहा। इस अवसर पर एसडीएम मोनिका वर्मा एवं तहसीलदार आयुष तिवारी उपस्थित थे।



# बाढ़ आपदा राहत एवं बचाव के लिए कलेक्टर सिन्हा ने सभी विभागों को रखा अलर्ट पर

स्वास्थ्य केन्द्रों में दवाईयों के साथ उपचार के समुचित इंतजाम के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



जिले में बीते दो दिनों से हो रही लगातार बारिश को देखते हुए कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बाढ़ आपदा बचाव एवं राहत प्रबंधन के संबंध विभागों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने लगातार हो रही बारिश को देखते हुए सभी विभागों को अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री सिन्हा ने कहा कि जिले में बाढ़ से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखें। आपदा राहत से जुड़े सभी विभाग अपनी पूरी तैयारी रखें। जिससे किसी भी प्रकार की आपातकालीन स्थिति पर तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

कलेक्टर सिन्हा ने सभी राजस्व अधिकारियों को डूबान क्षेत्रों की जलस्तर की निगरानी के साथ राजस्व अमला को फील्ड पर निगरानी के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने जिला सेनानी को होम गार्ड तथा एसडीआरएफ की टीम को पूरे संसाधनों के साथ तैयार रहने के लिए निर्देशित किया हैं ताकि आपातकालीन स्थिति से निपटा जा सके। कलेक्टर सिन्हा ने पीएचई को निर्देशित किया कि जल ठहराव के पश्चात हैंडपंप एवं बोर के पानी की सफाई पर विशेष रूप से ध्यान दें। इस दौरान उन्होंने बिजली सप्लाई के संबंध में जानकारी ली। विद्युत विभाग के अधिकारी द्वारा बताया गया कि वर्षा के कारण कई स्थानों में पेड़ की डाली गिरने के कारण बिजली सप्लाई में रूकावट आयी थी, जिसे तत्काल सुधारने का कार्य भी किया जा रहा हैं। इस दौरान उन्होंने पीडब्लूडी को सड़कों के गड्ढों को भरने के निर्देश दिए।

## सभी स्वास्थ्य केंद्रों को करें अलर्ट, मेडिकल टीम और दवाइयों का स्टॉक तैयार रखें

कलेक्टर सिन्हा ने वर्षा ऋतु के दौरान मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु स्वास्थ्य विभाग को उल्टी, दस्त जैसे विभिन्न प्रकार की बीमारियों के उपचार के लिए पर्याप्त दवाइयों सहित सभी स्वास्थ्य केन्द्रों को सतर्क रहने के निर्देश दिए।

## निगम को दिए नियमित साफ-सफाई के निर्देश

कलेक्टर सिन्हा ने बीमारियों से बचाव हेतु शहरी क्षेत्र में नियमित साफ-सफाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कई स्थानों में जल जमाव की स्थिति निर्मित होती हैं, ऐसे स्थानों में अमला भेजकर जल निकासी की व्यवस्था करें और भारी बारिश को लेकर विशेष रूप से सतर्क रहें।

## बाढ़ राहत के लिए 24/7 कंट्रोल रूम स्थापित, 07762-223750 नंबर जारी

**इसके साथ ही कलेक्टर सिन्हा के निर्देश पर जिले में बाढ़ध्अतिवृष्टि से किसी भी प्रकार की क्षति होने की सूचना एवं सहायता के लिये जिला कार्यालय रायगढ़ में 24 घंटे संचालित कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसमें दूरभाष नंबर 07762-223750 पर कॉल कर बाढ़ राहत के लिए संपर्क किया जा सकता है।**

# स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों से जिले में मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक

* स्वीप सतरंगी माह अंतर्गत मतदाता जागरूकता पर हो रहे विविध कार्यक्रम

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

आगामी विधानसभा निर्वाचन में नागरिकों द्वारा शत-प्रतिशत मतदान करने एवं उन्हें अपने मताधिकार का उपयोग करने हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से जिले में उत्साह के साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम 'स्वीप' चलाए जा रहे है।



भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता जागरूता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। ग्रामीण भी इन कार्यक्रमों में रूचि दिखा रहें और बढ़-चढ़कर जागरूकता अभियान में शामिल हो रहे है। महिला स्व-सहायता समूह की दीदियां ग्रामीण महिलाओं एवं लोगों को अपने मताधिकार के उपयोग के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

इसी कड़ी में खरसिया में कल सायकल रैली का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली छात्राएं रैली में शामिल होकर मतदाता जागरुकता स्लोगन के साथ लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किए। इसी तरह एसडीएम खरसिया रोहित सिंह ने स्कूली बच्चों को व्याख्यान दिए। उन्होंने मताधिकार क्यों जरूरी है इसके संबंध में स्कूली बच्चों को जानकारी दी। उन्होंने निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने एवं आसपास के सभी लोगों को मतदान हेतु प्रेरित करने की बात कही। इसी तरह जिले के खैरपुर जनपद रायगढ़ में आज स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत बुजुर्ग, दिव्यांग एवं नए मतदाताओं का सम्मान किया गया एवं मतदान हेतु ग्रामवासियों को शपथ दिलायी गई। तमनार में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत तहसीलदार के मुख्य आतिथ्य में व्याख्यान का आयोजन किया गया। घरघोड़ा के शासकीय महाविद्यालय में आयोजित व्याख्यान में एसडीएम ऋषा ठाकुर ने मतदाता जागरूकता हेतु प्रेरित किया। शासकीय कला विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय धरमजयगढ़ में स्वीप सतरंगी माह अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में तहसीलदार डहरिया ने मतदाता जागरूकता पर छात्र-छात्राओं को जानकारी दी।

# ग्राम पंचायत पंचधार के ग्रामीणों ने अपेरा उड़िया नाटक पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़-सरिया।




ग्राम पंचायत पंचधार में कोरोना काल के पहले विगत 15 वर्षों से लगातार अपेरा उड़िया नाटक, लाया जा रहा है। जिससे गांव में अशांति का माहौल भी फैल रहा है। जिसके कारण अपेरा उड़िया नाटक उड़ीसा से लाया जाता है। जिसमें रंगारंग कार्यक्रम के नाम पर अभद्रता पूर्वक अश्लील डांस किया जाता हैए जिसे परिवार के साथ बैठकर देखने से बहुत लज्जा व सीर झुक जाता है। जिस कारण इसे उड़ीसा के बरगढ़ जिले में कलेक्टर द्वारा पूर्ण रूप से करीब 20 वर्षों से प्रतिबंध लगा दिया गया है। उसके बावजूद यह अपेरा उड़िया नाटक वाले छत्तीसगढ़ में और उड़ीसा के सीमांत जिले जैसे सारंगढ़ बिलाईगढ़ और रायगढ़ को खासकर आते हैं और अपना रंग दिखाते हैं। जिसे देखने के लिए हजारों की संख्या में भीड़ भी होते हैं जिसका टिकट दर काफी मात्रा में 200-300 तथा 500 तक काटकर भोले भाले ग्रामीणों को लुटा जाता है। जिस पैसे का समिति के लोग कई बार गलत उपयोग भी कर चुके हैं। आपको बता दें कि उक्त अपेरा उड़िया नाटक के आने से गांव में अशांति का माहौल व्याप्त हो जाता है। जैसे गांव में जुआ, जिस्मखोरी और दारू की अवैध बिक्री जोरों पर चलता है। तथा अपेरा उड़िया नाटक के आड़ में गांव के नवयुवक युवतियां गांव से भाग जाते हैं। यह हर वर्ष कर रिकॉर्ड भी है जिससे गांव घर की बदनामी तो अलग बेइज्जती भी काफी होता है।

ज्ञात हो कि वर्तमान समय में ग्राम पंचायत पंचधार के पंचायत द्वारा अनुमति नहीं दिए जाने के कारण ग्रामीण लोगों द्वारा सीमांतर ग्राम पंचायत महाराजपुर से अनुमति लेकर अपेरा उड़िया नाटक कराने की फिराक में है। वर्तमान समय में आई फ्लू का प्रकोप भी गांव में तेजी से फैल रहा है अपेरा उड़िया नाटक के आने से पूरे गांव के साथ.साथ पूरे अंचल में भी आई फ्लू रौद्र रूप ले सकता है जैसे कोरोना ने लिया था। इसलिए ग्रामीणों ने सारंगढ़ एसडीएम से निवेदन करते हुए अपेरा उड़िया नाटक पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाकर ग्राम में होने वाले अवैध कार्य से निजात दिलाने की मांग की है। जिसमें मुख्य रुप से सरपंच उजला, बालमुकुंद पटेल, प्रसन्न प्रधान, दीपक सहा, प्रमोद कुमार प्रधान, प्रकाश प्रधान, दयासागर धोबा, रोहित प्रधान, दूलामणि बैरागी, जितेंद्र पाव, आदिकांत पाव, गुरु चरण पटेल, गुरुदेव पाव, सुदामा, नरसिंह सिदार, सुधाकर, प्रताप यादव, खेतेश्वर, हेतराम, कुंजबिहारी, राजकुमार, प्रमोद, पदमालोचन, लक्ष्मण चौहान, खिरसागर, जयलाल, प्रभात, कृपाराम सिदार, गंगाधर, रामलाल, राजकुमार, मंगल, बसंत सारथी, दिलीप, प्रेमशिला, दीपेश मेहर, विद्याधर पटेल, गजपति पाव सहित भारी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।


## वरुण तेज अभिनीत गांडीवधारी अर्जुन का टीजर् रिलीज़




वरुण तेज अभिनीत गांडीवधारी अर्जुन का पहला आधिकारिक टीजर् आउट हो गया है और यह शानदार एक्शन से भरपूर है। एसवीसीसी के आधिकारिक हैंडल ने टीजर् को सोशल मीडिया पर साझा किया।

यह फिल्म एक एक्शन थ्रिलर है जो एक विशेष एजेंट के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक वायरल-आतंकी-हमले से बचने की कोशिश कर रहा है, लेकिन उसका मिशन तब व्यक्तिगत हो जाता है जब उसके प्रियजन खतरे में पड़ जाते हैं। बंदूकें, विस्फोट, कार का पीछा और अंतरराष्ट्रीय अपराध सिंडिकेट, टीजर् में सब कुछ है।

फिल्म में साक्षी वैद्य, नासर, विमला रमन, विनय राय, नारायण, रोशिनी प्रकाश, मनीष चौधरी, अभिनव गोमतम, रवि वर्मा, कल्पलता और बेबी वेदा भी हैं।



## दृश्यम फेम श्रिया सरन ने हॉटनेस से बढ़ाया सोशल मीडिया का पारा

### फोटो देखकर फैंस हुए व्याकुल

दृश्यम फेम एक्ट्रेस श्रिया सरन फिल्म में भले ही एक सीधी पत्नी के रूप में नजर आई हों लेकिन रियल लाइफ में वो बेहद ही बोल्ड और स्टाइलिश एक्ट्रेस हैं। उनकी स्टाइलिश तस्वीरें फैंस के दिलों को बेताब किए हुए हैं।

एक्ट्रेस श्रिया सरन ने ब्लू कलर की आउटफिट के साथ मल्टीकलर एम्ब्राडरी लुक में नजर आ रही हैं। जो फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। डीपनेक और थाई स्लिट आउटफिट में एक्ट्रेस श्रिया सरन बेहद ही स्टाइलिश लुक में नजर आ रही हैं। मिनिमल मेकअप और डीपनेक आउटफिट में एक्ट्रेस श्रिया सरन अपनी जमकर क्लीवेज फ्लॉन्ट कर रही हैं। चेहरे पर लाइट लिपस्टिक और खुले बाल के साथ एक्ट्रेस अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं। एक्ट्रेस श्रिया सरन सोशल मीडिया पर अपनी निजी और प्रोफेशनल तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। श्रिया सरन अपने अतरंगी रूपों के कारण अक्सर सुर्खियों का विषय बनी रहती हैं, उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर कहर बरपाती रहती हैं। सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस श्रिया सरन की ग्लैमरस अदाएं फैंस के दिलों पर कहर बरपाती रहती हैं। फैंस एक्ट्रेस की तस्वीरों का बेसब्री से इंतजार करते रहते हैं। एक्ट्रेस श्रिया सरन की तस्वीरें सोशल मीडिया पर आते ही तेजी से वायरल हो जाती हैं।

## एटली और वरुण धवन की आगामी फिल्म का हिस्सा बनीं वामिक गब्बी, जल्द शुरू होगी शूटिंग

अभिनेत्री वामिका गब्बी को पिछली बार वेब सीरीज जुबली में देखा गया था। यह सीरीज अमेजन प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है।अब जुबली की आपार सफलता के बाद वामिका के हाथ एक एटली कुमार की आगामी फिल्म लग गई है, जिसमें वह वरुण धवन के साथ नजर आएंगी। हालांकि, इस खबर की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है।

रिपोर्ट के अनुसार, निर्माताओं ने कुछ दिन पहले मुंबई के एक 5 स्टार हॉटल में फिल्म का छोटा सा मुहूर्त रखा था।

एटली और वरुण की आगामी फिल्म इसलिए ज्यादा खास है क्योंकि साउथ में अपना जलवा बिखेरने के बाद अब कीर्ति सुरेश बॉलीवुड में अपना सिक्का जमाने को तैयार हैं।यह एक एक्शन एंटरटेनर फिल्म है, जिसका निर्देशन कलीस कर रहे हैं।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस फिल्म की शूटिंग अगले महीने मुंबई में शुरू होगी। यह वरुण धवन की 18वीं फिल्म होगी और यह तमिल फिल्म थेरी की रीमेक है। थेरी 2016 में आई थी और इसका निर्देशन एटली ने किया था। इस फिल्म में थलापति विजय, सामंथा रुथ प्रभु और एमी जैकसन मुख्य भूमिका में थे। रीमेक के लिए एटली ने स्क्रिप्ट को नए सिरे से तैयार किया है। उत्तर भारतीय दर्शकों के हिसाब से इसमें नए किरदार और ट्विस्ट जोड़े गए हैं। रिलीज डेट के बाद दर्शकों को इसके नाम का इंतजार है। फिलहाल फिल्म का नाम अभी तय नहीं हुआ है।यह फिल्म 31 मई, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



## फिल्म ड्रीम गर्ल 2 का ट्रेलर रिलीज, आयुष्मान खुराना ने पूजा बनकर फिर जीता दिल

इस साल कई ऐसी फिल्में रिलीज होने वाली हैं, जिनका इंतजार दर्शक बड़ी बेसब्री से कर रहे हैं। आयुष्मान खुराना की ड्रीम गर्ल 2 इसी फेहरिस्त में शुमार है।ड्रीम गर्ल ने दर्शकों को खूब लोटपोट किया था। इस वजह से भी इसके सीक्वल को लेकर दर्शक उत्साहित हैं।फिल्म के पोस्टर और टीजर में आयुष्मान के अवतार ने ट्रेलर को लेकर उत्सुकता बढ़ा दी थी। अब आखिरकार ट्रेलर दर्शकों के बीच आ गया है।




पल्लू लहराते हुए पूजा के गेटअप में आयुष्मान की नजाकतें और अदाएं देखते ही बनती हैं। दूसरी तरफ अनन्या पांडे के साथ उनकी केमिस्ट्री भी अच्छी लग रही है। आयुष्मान के हाव-भाव, आवाज और कॉमेडी कमाल की है। लड़की की आवाज में वह एक बार फिर सबको अपना दीवाना बना रहे हैं।ट्रेलर देख इतना तो साफ है कि फिल्म मजेदार होने वाली है। हंसी, रोमांस और एक रोमांचक कहानी का बढ़िया मेल इसमें देखने को मिल रहा है।

पहले फिल्म 29 जून, 2023 को रिलीज होने वाली थी। फिर खबर आई कि यह 7 जुलाई को रिलीज होगी। इसके बाद 25 जुलाई की तारीख सामने आई। अब ड्रीम गर्ल 2 25 अगस्त को सिनेमाघरों में आ रही है।एकता कपूर इस फिल्म की निर्माता हैं, वहीं इसके निर्देशन की कमान राज शांडिल्य ने संभाली है। फिल्म में आयुष्मान के साथ अनन्या मुख्य भूमिका निभा रही हैं। दोनों की साथ में यह पहली फिल्म है।

## ओह माय गॉड 2 को मिला ए सर्टिफिकेट, बिना किसी कट के पास हुई फिल्म

अक्षय कुमार और पंकज त्रिपाठी की मोस्ट अवेटेड फिल्म ओह माय गॉड-2 को लेकर ऑडियंस काफी एक्साइटेड है। ये फिल्म 11 अगस्त को गदर 2 के साथ सिनेमाघरों में टकराएगी। हालांकि, इस फिल्म का टीजर सामने आने के बाद फिल्म थोड़ी मुसीबतों में फंसती हुई नजर आई थी।





आदिपुरुष के विवाद को ध्यान में रखते हुए सेंसर बोर्ड ऑफ सर्टिफिकेशन ने इस बात को खासा ध्यान दिया कि ओह माय गॉड-2 पर कोई कंट्रोवर्सी न हो।

कई मीडिया रिपोर्ट्स में ये कहा गया कि फिल्म को 20 कट देकर यू/ए सर्टिफिकेट के साथ सेंसर बोर्ड ने पास किया है। लेकिन अब मेकर्स ने खुद अक्षय कुमार की फिल्म ओह माय गॉड-2 के सर्टिफिकेट पर सफाई दी। वायाकॉम 18 के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर अजीत अंधारे ने ओह माय गॉड-2 के सर्टिफिकेट को लेकर चल रही खबरों पर अपनी चुप्पी तोड़ते हुए आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर एक ट्वीट किया। आपको बता दें कि ओह माय गॉड-2 का रनिंग टाइम टोटल 2 घंटे 36 मिनट का है।

## शोभिता धुलिपाला की मेड इन हेवन 2 का ट्रेलर जारी, 10 अगस्त को अमेजन प्राइम वीडियो पर देगी दस्तक

अभिनेत्री शोभिता धुलिपाला पिछले कुछ वक्त से अपनी आने वाली वेब सीरीज मेड इन हेवन 2 को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं।यह सीरीज साल 2019 में आई मेड इन हेवन का सीक्वल है, जो अमेजन प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है।अब निर्माताओं ने मंगलवार को मेड इन हेवन 2 का ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसकी कहानी बेहद दिलचस्प लग रही है। मेड इन हेवन 2 का प्रीमियर 10 अगस्त को अमेजन प्राइम वीडियो पर किया जाएगा।



मेड इन हेवन सीजन 2 का ट्रेलर इसके मेन किरदार के जीवन के बारे में बताता है, जो सीजन 1 में एक ऐसे पड़ाव पर थे, जब उन्हें एक बहुत ही अहम फैसला लेना था। नई दुल्हनों और नई चुनौतियों के साथ वेडिंग प्लानर अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ की परेशानियों से जूझते हुए। इसमें रोमांस, ड्रामा और शादियों के साथ-साथ जाने-पहचाने, नए चेहरों और दिल छू लेने वाली कहानी देखने को मिलेगी। शोभिता धूलिपाला ने बताया, मेड इन हेवन सीजन 2 में तारा के रूप में वापस आना अच्छा लगता है। मेरे लिए तारा का सर आकर्षक होने के साथ चुनौतीपूर्ण भी रहा है, क्योंकि वह भव्य शादियों की योजना बनाते हुए आदिल और फैजा के साथ अपने निजी जीवन को आगे बढ़ाती है।

दूसरे सीजन की शूटिंग के लिए मैंने बहुत ही अविश्वसनीय समय दिया और मुझे लगता है कि यह सीजन हमारे दर्शकों को और भी अधिक पसंद आएगा। पिछले सीजन से दर्शकों की अपेक्षाओं से मेल खाने और यहां तक कि उससे आगे निकलने का थोड़ा दबाव है, लेकिन मैं इसे लेकर पॉजिटिव हूं। मुझे यकीन है कि मेड इन हेवन सीजन 2 दर्शकों को रोमांचित करेगा।

# खेल

## भारत की विमेंस कंपाउंड टीम वर्ल्ड आर्चरी के फाइनल में

### 92 साल के टूर्नामेंट इतिहास में पहली बार गोल्ड जीतने का मौका, मैक्सिको से मुकाबला



बर्लिन। भारत की विमेंस कंपाउंड टीम वर्ल्ड आर्चरी चैम्पियनशप के फाइनल में पहुंच गई है। जर्मनी की राजधानी बर्लिन में खेले जा रहे वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारतीय विमेंस कंपाउंड आर्चरी टीम ने सेमीफाइनल में कोलंबिया को 220-216 से हराया। टीम में आर्चर ज्योति सुरेख, वेन्नम परनीत कौर और अदिति स्वामी ने फाइनल में जगह बनाई। अगर टीम गोल्ड जीतती है तो टूर्नामेंट के इतिहास में पहली बार भारत गोल्ड जीतेगा।

आर्चरी चैंपियनशिप चार साल में एक बार होने वाला इवेंट है। इसमें ओलिंपिक क्वालिफिकेशन का भी क्वोटा है।

### मेंस टीम बाहर

कंपाउंड मेंस और मिक्स्ड टीम की टूर्नामेंट में कड़ी हार के बाद समाप्त हो गईं। मेंस टीम में अभिषेक वर्मा, ओजस देवताले और प्रथमेश जावकर क्वार्टर फाइनल में नीदरलैंड से 230-235 से हार गए। दूसरी ओर मिक्स्ड इवेंट में में, देवतले और ज्योति सुरेखा को क्वार्टरफाइनल में अमेरिका ने 154-153 से हराया।

### ओलिंपिक में जाने का मौका गवायां

भारतीय तीरंदाजों में मेंस और विमेंस की रिकर्व टीम क्वार्टरफाइनल में बाहर हो गई। इसके चलते टीमों की डाइरेक्ट



ओलिंपिक में जाने का मौका गवां दिया। अब टीम को अगले बड़े टूर्नामेंट का इंतजार करना होगा।

### ओलिंपिक्स में जाने का अगला मौका एशियाड में

पेरिस ओलिंपिक्स क्वालीफायर का अगला दौर कॉन्टिनेंटल गेम्स होगा। भारत के लिए यह अक्टूबर में हांग्जो एशियाड होगा जहां मिक्स्ड टीम चैंपियन और मेंस और विमेंस में से एक खिलाड़ी चयनित होंगे। नवंबर में बैंकॉक में एशियाई चैम्पियनशिप और अगले साल जून में अंताल्या वर्ल्ड कप अंतिम दो क्वालीफाइंग टूर्नामेंट हैं।

## एक नजर

## एशिया कप से पहले फिट नहीं होंगे अय्यर और राहुल

### रिपोर्ट में दावा- ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज से वापसी की उम्मीद



**मुंबई** । वर्ल्ड कप और एशिया कप टूर्नामेंट से पहले अय्यर, राहुल और पंत की फिटनेस ने भारतीय सिलेक्टर्स की चिंता बढ़ दी है। तीनों इन दिनों बेंगलुरु स्थित नेशनल क्रिकेट अकादमी में रिहैब प्रोसेस से गुजर रहे हैं। फिलहाल, खबर मिडिल ऑर्डर बैटर श्रेयस अय्यर और केएल राहुल के बारे में है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि श्रेयस अय्यर और केएल राहुल एशिया कप से पहले फिट नहीं होंगे। सितंबर में होने जा रही ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज से ही इन दोनों बैटर्स की वापसी की उम्मीद है। ऐसे में एशिया कप के लिए सिलेक्टर्स को मिडिल ऑर्डर के विकल्प खोजने होंगे। हालांकि, बोर्ड ने अब तक एशिया कप टूर्नामेंट के लिए टीम का ऐलान नहीं किया है।

### हॉकी एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023

## भारत का पहला मुकाबला आज चीन से; 9 अगस्त को खेला जाएगा इंडिया-पाक मैच




हॉकी एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023 आज यानी 3 से 12 अगस्त 2023 तक चेन्नई के मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम में खेला जाएगा। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला मौजूदा चैंपियन दक्षिण कोरिया और जापान के बीच आज दोपहर 4 बजे से खेला जाएगा। भारतीय हॉकी टीम अपने अभियान का आगाज आज चीन के खिलाफ करेगी। भारत बनाम पाकिस्तान मैच 9 अगस्त को खेला जाएगा। एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी आखिरी बार 2021 में बांग्लादेश के ढाका में आयोजित की गई थी। जहां दक्षिण कोरिया ने फाइनल में जापान को पेनल्टी शूटआउट में हराकर अपना पहला टाइटल जीता था। तीसरे स्थान के मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को 4-3 से शिकस्त दी थी।

## पाकिस्तान जा सकती है भारतीय हॉकी टीम

### हॉकी इंडिया प्रेसिडेंट बोले- एशियाड में चैंपियन नहीं बने तो PAK में खेलना पड़ सकता है

**चेन्नई।** क्रिकेट में भारत और पाकिस्तान की टीमें एक दूसरे के देश में खेलने से भले आनाकानी करती हों, लेकिन हॉकी में ऐसी स्थिति नहीं है। पाकिस्तान की हॉकी टीम इस समय एशियन चैंपियंस ट्रॉफी खेलने के लिए भारत आई है। साथ ही हॉकी इंडिया के प्रेसिडेंट दिलीप तिर्की ने कहा है कि जरूरत पड़ी तो भारतीय टीम भी पाकिस्तान जाकर खेलेगी।

तिर्की ने कहा है कि अगर भारतीय हॉकी टीम 23 सितंबर से शुरू हो रहे एशियन गेम्स के जरिए 2024 पेरिस ओलिंपिक के लिए डायरेक्ट क्वालिफाई नहीं कर पाती है तो फिर भारतीय टीम पाकिस्तान जाएगी और वहां, क्वालिफायर टूर्नामेंट खेलेगी। तिर्की ने चेन्नई में कल से शुरू हो रही एशियन चैंपियंस ट्रॉफी से पहले चर्चा की।



### एशियाड के गोल्ड मेडलिस्ट को डायरेक्ट कोटा

नियमों के अनुसार एशियाड में गोल्ड मेडल जीतने वाली टीम को सीधे ओलिंपिक में जगह मिलेगी। एशियाड में हिस्सा लेने वाले अन्य देशों को क्वालिफायर खेलने होंगे। इस बार पाकिस्तान और स्पेन में क्वालिफायर टूर्नामेंट खेले जाने हैं।

एशियाड में कोटा लेने का प्रयास तिर्की ने कहा- हांगझोउ (एशियाड) में काम पूरा (ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना) करने की कोशिश करेंगे। अगर किसी कारण से हम क्वालिफाई नहीं कर पाते तो क्वालिफायर के लिए कुछ स्थल (पाकिस्तान और स्पेन) निर्धारित किए गए हैं। इसलिए जहां भी ये आयोजित होंगे, हम निश्चित रूप से जाएंगे।

केंद्र सरकार का रुख देखना होगा पाकिस्तान जाने के लिए सरकारी मंजूरी की जरूरत होती है और यह देखना होगा कि अगर ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है कि राष्ट्रीय हॉकी टीम को क्वालिफायर खेलने के लिए पाकिस्तान की यात्रा करने की जरूरत होगी, तो केंद्र का रुख क्या रहता है।

## स्लो ओवर रेट के कारण इंग्लैंड-ऑस्ट्रेलिया पॉइंट्स पर कटौती

### अंग्रेजों के 19 और कंगारुओं के 10 रेटिंग पॉइंट काटे

**दुबई।** द ऐशेज सीरीज ड्रॉ रहने के बाद भी इंग्लैंड-ऑस्ट्रेलिया को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में भारी नुकसान हुआ है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने स्लो ओवर रेट के कारण दोनों टीमों के रेटिंग पॉइंट्स में कटौती की है। ICC ने इंग्लिश टीम के 19 और ऑस्ट्रेलियाई टीम के 10 रेटिंग पॉइंट्स काटे हैं।



ICC के नियमों के अनुसार, टेस्ट में तय समय के बाद हर ओवर में एक रेटिंग पॉइंट की कटौती होती है। द ऐशेज सीरीज में इंग्लैंड ने 19 ओवर देरी से फेंके। इसलिए पर उस पर 19 अंकों की कटौती हुई है, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने 10 ओवर देरी से फेंके हैं। इस कटौती के बाद इंग्लैंड की टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 के पॉइंट्स टेबल के 5वें और ऑस्ट्रेलिया तीसरे नंबर पर है, जबकि पाकिस्तान टेबल के टॉप पर आ गया है।

### दोनों टीमों पर मैच फीस का फाइन भी लगाया

इंग्लैंड-ऑस्ट्रेलिया के बीच 5 मैचों की ऐशेज सीरीज 2-2 की बराबरी पर रही। ICC ने दोनों टीमों पर मैच फीस का फाइन भी लगाया है, जबकि बेन स्टोक्स की टीम पर पहले टेस्ट मैच में 10 फीसदी फाइनल लगाया गया। साथ ही ऑस्ट्रेलिया की मैच फीस पर 50 फीसदी जुर्माना लगाया गया है।

# कृषि विज्ञान केंद्र डूमरबहार जशपुर में ड्रम सीडर द्वारा धान की कतार बोनी

कृषि विज्ञान केंद्र डूमरबहार के प्रक्षेत्र में इसका उपयोग मचाई वाली खेत में किया गया है

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।





छत्तीसगढ़ राज्य में 38 लाख हेक्टर क्षेत्र में धान की खेती की जाती है जिसमें लगभग 70 प्रतिशत क्षेत्र लेही पद्धति एवं खुर्रा बोनी द्वारा की जाती है। इन परंपरागत पद्धतियों में 100 से 120 किलोग्राम बीज प्रति हेक्टेयर की आवश्यकता होती है तथा रोपाई के समय श्रमिकों की अनुपलब्धता साथ ही 30 से 35 दिनों के बाद बियासी करने की आवश्यकता पौधों की संख्या एवं खरपतवार नियंत्रण के लिए आवश्यक होती है। इन्ही समस्याओं को दूर करने के लिए सूखी खेत में धान की कतार बोनी हेतू नवीन ट्रैक्टर एवं बैल चलित यंत्र-सीड ड्रिल, सीड कम फ र्टिलाइजर ड्रिल आदि का उपयोग किया जाता हैं, परंतु लगातार पानी गिरने पर खेत तैयार करने के लिए कृषकों को समय नहीं मिल पाता है ऐसी स्थिति में धान की कतार बोनी करने हेतु ड्रम सीडर का उपयोग किया जा सकता है। कृषि विज्ञान केंद्र डूमरबहार के प्रक्षेत्र में इसका उपयोग मचाई वाली खेत में किया गया है। लेही पद्धति से कतार बोनी करने हेतु ड्रम सीडर का उपयोग करना एक अच्छा विकल्प बन रहा है। यह हस्त चलित यंत्र प्लास्टिक से बना होता है जिसका वजन लगभग 10 किलोग्राम होता है इसे आसानी से मताई वाले खेत में कतार बोनी हेतु उपयोग किया जाता है इसमें चार ड्रम होते हैं जिसकी कतार से कतार की दूरी 20 सेंटीमीटर होती है तथा प्रत्येक ड्रम के ऊपर 36 छेद होते है। धान के अंकुरित बीजों को तीन चौथाई भाग तक भरकर ऊपर से ढक्कन बंद किया जाता है। इसकी पश्चात मताई वाले तैयार खेत में पाइप से निर्मित हैंडल द्वारा खेत की एक कोने से समान गति से खींचा जाता है। इसके चलते ही पहियो से स्वत: ही निशान बन जाते हैं। जिससे अगली लाइन को खींचने में सुविधा होती है। इसके उपयोग से 1 दिन में एक व्यक्ति द्वारा लगभग 1 हेक्टेयर में कतार धोनी की जा सकती है। ड्रम सीडर द्वारा कतार बोनी में 30 से 35 किलोग्राम बीज प्रति हेक्टेयर का उपयोग होता है। इसका परंपरागत विधि की तुलना में 71 प्रतिशत बीज की बचत होती है। इसको चलाने के लिए लगभग एक किलोमीटर प्रति घंटा की दर से गति चाहिए होती है।

### ड्रम सीडर उपयोग के लाभ

मचाई वाले खेतों में धान की कतार बोनी के लिए उपयोगी जिससे बीज की बचत होती है। कतार बोनी करने से यंत्र वीडर द्वारा निंदाई की जा सकती है। पर्याप्त पौधा संख्या प्रति इकाई क्षेत्र में किया जा सकता है। दवाई छिड़काव एवं धान कटाई में सरलता से की जा सकती है। पड़ती में व्यव होने वाले समय एवं मजदूर की बचत होगी।

### ड्रम सीडर हेतु ध्यान देने योग्य बातें

खेत की तैयारी मचाई करने के बाद खेत पर पाटा चलाना जरूरी है जिससे एक स्थान पर पानी एकत्रित न हो पाए। खेतों में मचाई हल्की की जानी चाहिए जिससे कि पहिए ज्यादा अंदर ना जाए। सभी छिद्रों की जांच होनी चाहिए। खरपतवार नियंत्रण के लिए लाइन के बीच में वीडर या खरपतवार नाशक का आवश्यकतानुसार प्रयोग किया जाना चाहिए।

# आंगनबाड़ी केंद्र खुर्सीटोला, चिकनीपानी के पोषण वाटिका में लगे हरे भरे सब्जियां लहलहा रहे

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।





जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में महिला एवं बाल विकास विभाग की मदद से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं ने पोषण वाटिका तैयार किए हैं। इससे अब उन्हें ताजी, हरी-भरी और पोषक से भरपूर सब्जियां उपलब्ध होंगी। पोषण वाटिका से गर्भवती महिलाओं एवं कुपोषित बच्चो की सेहत में सुधार आयेगा। पोषण अभियान अंतर्गत महिला एवं बाल विकास परियोजना के अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों के मार्गदर्शन में पोषण वाटिकाओं का निर्माण किया गया है। इसी कड़ी में परियोजना बागबहार सेक्टर चिकनीपानी आंगनबाड़ी केंद्र खुर्सीटोला, बिरनी टोला में कार्यकर्ता सुकांती पैंकरा, सहायिका घुमला बाई द्वारा पोषण वाटिका में भिंडी, कुंदरू, मक्का, मुनगा, बरबट्टी, मखना, करेला और हरी सब्जी का उत्पादन किया जा रहा है। पोषण वाटिका में हरी सब्जिया लहलहा रहा है। वाटिका में उत्पादित साग-सब्जी को आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों और गर्भवती माताओं को वितरित किया जाता है। ताकि उन्हें पौष्टिक आहार का लाभान्वित दिया सके। पोषण वाटिका बनाने का उद्देश्य बच्चों और गर्भवती माताओं में एनीमिया और कुपोषण को दूर करना है। जिससे कुपोषण मुक्त एवं स्वास्थ्य छत्तीसगढ़ की संकल्पना को साकार किया जा सके, साथ ही समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर उनकी आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ किया जा सके।

# नवगुरुकुल द्वारा पत्थलगांव में सेमिनार का किया गया आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



जिला प्रशासन एवं नवगुरुकुल संस्था द्वारा जिले की युवतियों, महिलाओं को कोडिंग सहित 5 कोर्स के क्षेत्र में बेहतर करियर बनाने एक सुनहरा अवसर दिया जा रहा है। इसके अंतर्गत खासकर कंप्यूटर प्रोग्रामिंगए ग्राफि क डिजाइनिंग, एजुकेशन, अकाउंट एंड फ इनेंस के साथ-साथ प्रशिक्षणार्थियों को इंग्लिश कम्युनिकेशन, लीडरशिप सिखाई जा रही हैं। जशपुर स्थित लाईवलीहुड कॉलेज में 18 महीने का उपरोक्त नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं। वर्तमान में यहां संचालित सभी कोर्स में 80 से अधिक छात्राएं प्रशिक्षण ले रहीं हैं। वहीं बाकी रिक्त सीटों के लिए जिले के सभी ब्लॉक में सेमिनार का आयोजन किया जा रहा हैं। विगत दिनों यह आयोजन पत्थलगांव के सरस्वती शिशु मंदिर में किया गया। जहां 200 से अधिक छात्राएं शामिल हुई। सेमिनार में शामिल सभी छात्राओं को प्रोग्रामिंग सहित लाईवलीहुड कॉलेज में संचालित सभी 5 कोर्स कंप्यूटर प्रोग्रामिंग, ग्राफि क डिजाइनिंग, एजुकेशन, अकाउंट एंड फाइनेंस एमैनेजमेंट के संबंध में जानकारियां दी गई। इस क्रम में अगला सेमिनार का आयोजन 7 अगस्त को कुनकुरी में किया जाएगा। इसके अलावा आगामी दिनों में दुलदुला, मनोरा सहित अन्य ब्लॉक में भी इसका आयोजन किया जाना है।

हालांकि इससे पहले भी जशपुर, पत्थलगांव सहित जिले के सभी ब्लॉक में इस प्रकार के सेमिनार एवं प्रवेश परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत खासकर युवतियों, महिलाओं को कंप्यूटर प्रोग्रामिंग, ग्राफि क डिजाइनिंग, एजुकेशन, अकाउंट एंड फाइनेंस मैनेजमेंट के साथ-साथ प्रशिक्षणार्थियों को इंग्लिश कम्युनिकेशन, लीडरशिप सिखाई जायेगी। जिसके लिए आयोजित होने वाले प्रवेश परीक्षा और सेमिनार में इच्छुक छात्राएं भाग ले सकती है। इन प्रवेश परीक्षाओं में चयनित अभ्यर्थी कंप्यूटर प्रोग्रामिंग, ग्राफि क डिजाइनिंग, एजुकेशन, अकाउंट एंड फाइनेंस, मेनेजमेंट का नि:शुल्क प्राप्त करेंगी।

जिससे इन सभी क्षेत्र में अपना कैरियर बना सकेंगी और भविष्य में उन्हें एमेजान, नेटवेस्ट, एप्पस्क्रीप, मैक्युरी, एक्सेन्चर जैसी मल्टीनेशनल कंपनियों में कार्य करने का अवसर मिल सकेगा। इसके लिए न्यूनतम योग्यता 10वीं कक्षा उत्तीर्ण अथवा ड्राप आउट छात्राएं लाभान्वित हो सकेंगी। इसके अलावा 12वीं व कॉलेज की छात्राएं भी इसके लिए आवेदन कर सकती हैं। इस संबंध में कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने अधिक से अधिक संख्या में युवतियों, महिलाओं को इस सेमिनार में उपस्थित रहकर लाभ उठाने की अपील की गई है।

# हाथी विचरण क्षेत्रों में वन अमला व हाथी मित्र सक्रिय, 2 पाली गश्ती दल दे रहे ड्यूटी

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



वनमंडलाधिकारी वन मंडल कार्यालय जशपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 18 हाथियों का दल विचरण है। हाथी विचरण क्षेत्र में वन अमला, हाथी मित्र दल 2 पाली में गश्ती कर रहें हैं तथा सक्रिय है। साथ ही हाथी विचरण क्षेत्र में लगातार पेट्रोलिंग कर रहे हैं। साथ ही सभी रेंज में 2-2 गस्ती दल काम कर रहा है और लोगों को जागरूक कर हाथी व्यवहार के संबंध में जानकारी दे रहे हैं। डीएफ ओ जितेन्द्र उपाध्याय ने आम जनता से अपील की गई है कि हाथी गश्ती दल द्वारा दिये गये समझाइश व सूचना को माने। जिस स्थान पर हाथी विचरणरत है उस वन क्षेत्र मछली मारने, पुटू-खुखड़ी उठाने, रात को खुले में शौच एवं अनावश्यक रात्रि में आवागमन न करें। जिस स्थान या घर में पक्के कटहल हो उन्हें तोड़कर तत्काल सुरक्षित स्थान पर रखें या गडढ़े में डालकर ढक देवें या वन विभाग को तत्काल सूचित करें।



# अनधिकृत निर्मित भवनों का नियमितिकरण हेतु अंतिम तिथि 12 अगस्त तक

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर सह अध्यक्ष जिला नियमितिकरण प्राधिकारी डॉ. रवि मित्तल की अध्यक्षता में विगत दिवस कलेक्टोरेट सभाकक्ष में छ.ग. अनाधिकृत विकास का नियमितिकरण अधिनियम 2002, संशोधन 2022 के तहत् कुल 13 प्रकरणों का निराकरण किया गया। जिसमें 11 आवासीय एवं 2 गैर-आवासीय प्रकरणों में जशपुर निवेश क्षेत्र अंतर्गत् 6, बगीचा निवेश क्षेत्र अंतर्गत् 5 एवं पत्थलगांव निवेश क्षेत्र अंतर्गत् 1 प्रकरणों का अधिनियम के प्रावधानों के तहत् नियमितिकरण एवं 1 प्रकरण को निरस्त किया गया है। कलेक्टर ने समस्त नागरिकों की सुविधा हेतु आवेदन जमा करने की तिथि में 30 दिवस वृद्धि करते हुए 12 अगस्त 2023 तक अंतिम तिथि नियत की है। उन्होंने सभी आमजनों से अपने अनधिकृत निर्मित भवनों का नियमितीकरण कराने हेतु अंतिम तिथि 12 अगस्त तक आवेदन जमा कराने की अपील की है। ताकि शासन की योजना से आमजन लाभान्वित हो सके। शासन द्वारा मूल अधिनियम में संशोधन करते हुए शिथिलता की गई है, जिसमें उपांतीय खुला क्षेत्र, पार्किंग, फ र्शी तलक्षेत्र का अनुपात, भू-उपयोग में परिवर्तन एवं पहुंच मार्ग के संबंध में निर्धारित प्रचलित नियमों में किए गए उल्लंघनों का अतिरिक्त लाभ प्राप्त होगा। इस अंतिम एवं सुनहरे अवसर के लाभ हेतु सुनिश्चित समय-सीमा के पूर्व आवेदन स्थानीय नगरीय निकाय एवं नगर तथा ग्राम निवेश जशपुर में जमा कर सकते है।

## एक नजर

### एनसीवीईटी सर्टिफिकेट ऑटोमोटिव तकनीशियन कोर्स हेतु आवेदन 6 अगस्त तक

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

जिला कौशल विकास प्राधिकारण से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के बेरोजगारी भत्ता हेतु पात्र एवं अन्य बेरोजगार युवकों के लिए मारूति सुजुकी इंण्डिया लिमिटेड गुड़गांव एवं मानेसर में नि:शुल्क एनसीवीईटी सर्टिफि केट ऑटोमोटिव तकनीशियन कोर्स में प्रदाय किया जा रहा है। इस कोर्स हेतु 10 वीं पास, 12 वीं पास युवक आवेदन हेतु पात्र होंगे। लड़कों का न्यूनतम उत्तीर्ण प्रतिशत 50 प्रतिशत होना अनिवार्य है। इस कोर्स हेतु न्यूनतम उम्र सीमा 18 वर्ष है एवं अधिकतम उम्र सीमा 20 वर्ष है। इस कोर्स की अवधि 2 वर्ष की होगी। इस कोर्स के दौरान चयनित युवकों को 15,200 रूपये छात्रवृत्ति प्रतिमाह प्रदाय किया जावेगा। इस कोर्स में इच्छुक युवक 6 अगस्त 2023 को कार्यालय जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज, केन्द्रीय विद्यालय के बगल में डोड़काचौरा में 11 बजे तक उपस्थित होकर डाक्यूमेंट वेरीफि केशन एवं कोर्स हेतु साक्षात्कार दे सकते है। अधिक जानकारी हेतु मोबाईल नम्बर 8393888005 पर सम्पर्क कर सकते है।

### 9 अगस्त को जिला स्तरीय विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम कलेक्टोरेट के मंत्रणा सभाकक्ष में होगा आयोजित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

जिले में 9 अगस्त 2023 को विश्व आदिवासी दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्ट्रेट के मंत्रणा सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा। जिस हेतु कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने अपर कलेक्टर आई.एल. ठाकुर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। साथ ही विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम के आयोजन हेतु विभिन्न विभागों के अधिकारियों को पृथक-पृथक कार्य करने हेतु आदेशित किया है। इनमें सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग को विधायक एवं जनप्रतिनिधियों को आमंत्रण एवं अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदाय करने के कार्य सौंपे गए हैं। इसी प्रकार जनसंपर्क विभाग के सहायक संचालक को मीडियाकर्मियों को आमंत्रण एवं उनके बैठने की व्यवस्था, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर एवं जिला सूचना अधिकारी एन.आई.सी. को एल.ई.डी., कैमरा, माइक, साउण्ड सिस्टम, इंटरनेट कनेक्शन, लोक निर्माण के कार्यपालन अभियंता को टेन्ट, कार्पेट, कुर्सी, व्ही.आई.पी. सोफ ा सेट एवं टॉवेल, लोक निर्माण के कार्यपालन अभियंता को जनरेटर, इलेक्ट्रिकल व्यवस्था, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन अभियंता को कूलर, एसी, उद्यानिकी विभाग के उप संचालक को सजावट, फू ल, माला, गमला, जिला खाद्य अधिकारी को अतिथि एवं मीडियाकर्मी हेतु चाय, पानी, नाश्ता तथा हितग्राहियों हेतु चाय, पानी, बिस्किट, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी को मंच संचालन, जिला शिक्षा अधिकारी को छत्तीसगढ़ महतारी का छायाचित्र, दीप एवं अगरबत्ती, मण्डल संयोजक जशपुर को हितग्राहियों का भोजन व्यवस्था के कार्य सौंपे गए हैं।

### साजापानी जलाशय को मत्स्य पालन एवं मत्स्याखेट हेतु 10 वर्षीय पट्टे पर दिए जाने के लिए 10 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कांसाबेल विकासखण्ड के साजापानी जलाशय रकबा 13.590 को 10 वर्ष की अवधि के लिए मछली पालन एवं मत्स्याखेट हेतु पट्टे पर दिए जाने के लिए इच्छुक मछुआ समिति, समूह एवं व्यक्ति जनपद पंचायत कांसाबेल में 10 अगस्त 2023 तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। मुख्य कार्यपालन जनपद पंचायत कांसाबेल से प्राप्त जानकारी के अनुसार चयन की पात्रता एवं शर्ते जनपद पंचायत कांसाबेल में कार्यालयीन समय 11 बजे से सायं 5 बजे के बीच देखी जा सकती है। शासन द्वारा जलाशय को पट्टे पर देने हेतु प्राथमिकता क्रम निर्धारित की गई है। जिसके तहत् पंजीकृत मछुआ सहकारी समिति व महुआ समूह को प्रथम प्राथमिकता दिया जाएगा। इसी प्रकार क्रमश: स्थानीय महिला स्व. सहायता समूह अनुसूचित जनजाति वर्ग के स्व सहायता समूह व छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत् गठित महिला स्व सहायता समूह को प्राथमिकता होगी। मछुआ व्यक्ति, मत्स्य कृषक, बेरोजगार युवा जो मछली पालन में डिप्लोमा, स्नातक व स्नातकोत्तर हो। ऐसे क्षेत्र जहां वर्ष 1965 या उसके पश्चात् मकान, भूमि आदि डूब में आने के कारण कोई परिवार विस्थापित हो गये हो, ऐसे व्यक्तियों एवं परिवारों या उनके समह एवं समिति को संबंधित जल क्षेत्र में पट्टे पर दिए जाने हेतु प्राथमिकता दी जाएगी।

### जिले में 1 जून से अब 460.3 मिमी वर्षा

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

जशपुर जिले में 1 जून से अब तक 460.3 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 3 अगस्त तक औसत वर्षा 495.8 मिमी हुई है। बीते दिवस जिले में 67.8 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक तहसील जशपुर में 422.8 मिमी, मनोरा में 503.1 मिमी, कुनकुरी में 615.6 मिमी, दुलदुला में 554.7 मिमी, फ रसाबहार में 244.9 मिमी, बगीचा में 500.9 मिमी, कांसाबेल में 275.7 मिमी, पत्थलगांव में 439.8 मिमी एवं सन्ना में 585.1 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा कुनकुरी तहसील में दर्ज की गई है।

# एसडीएम पत्थलगांव फरसाबहार एवं कुनकुरी ने ली पटवारी सेक्टर प्रभारी, बीएलओ और सुपरवाईजर की बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।




कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल निर्देशन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में अनुभाग के एसडीएम द्वारा पटवारी, सेक्टर प्रभारी, बीएलओ और सुपरवाईजर की बैठक लेकर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए जा रहे हैं। इसी कड़ी में पत्थलगांव एसडीएम आकांक्षा त्रिपाठी द्वारा सभी पटवारियों एवं सेक्टर प्रभारी की पृथक-पृथक बैठक ली गई। बैठक में सभी को त्रुटि रहित और शत प्रतिशत निर्वाचन संबंधी कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। पटवारियों को विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 के प्रारंभिक प्रकाशन पश्चात दावा आपत्ति, नाम जोड़ने, काटने, संशोधन के आवेदन प्राप्त करने में संबंधित बीएलओ का मार्गदर्शन करने, सभी मतदान केंद्र में मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण कर जानकारी 2 दिवस में उपलब्ध कराने, छूटे हुए दिव्यांग मतदाताओं का सर्वे कर मतदाता सूची में अंकित कराने संबधी विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए। एसडीएम ने जानकारी देते हुए बताया कि युक्तियुक्तकरण के पश्चात पत्थलगांव विधान सभा में कुल 275 मतदान केंद्र हो चुके हैए जिसमे वर्तमान में 22 सेक्टर प्रभारी नियुक्त हुए हैं। सभी सेक्टर प्रभारी को मतदान केंद्र भ्रमण करने और अपने दायित्व का पूरा पालन करने समझाया गया। पटवारियों को आम जनता से संवाद करने, आर.बी.सी. 6.4 के प्रकरण तत्काल सूचित करने, शत प्रतिशत एवं त्रुटिपूर्ण गिरदावरी कर समय से प्रविष्टि के निर्देश दिए गए।

बैठक में नव नियुक्त तहसीलदार संजय अग्रवाल, नायब तहसीलदार गणेश सिदार, सभी आरआई और पटवारी गण उपस्थित थे। इसी प्रकार फ रसाबहार और कुनकुरी के एसडीएम ने भी बीएलओ, सुपरवाइजर की बैठक लेकर सभी को विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए हैं। एसडीएम कुनकुरी ने बैठक में चुनाव एवं राजस्व संबंधी बिंदुओं पर चर्चा की गई। जिसमें 2 अगस्त से शुरू किए गए विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में बीएलओ को सुपरवाइजर करने, संवेदनशील क्षेत्रों की मैपिंग में सेक्टर ऑफि सर को सहयोग करने, इलेक्शन के अन्य बिंदुओं के साथ ही गिरदावरी एवं राजस्व मामलों पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# भैंसमा महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

कार्यक्रम में संकल्प पत्र का वाचन कर छात्र-छात्राओं को दिलाया गया शपथ

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।






जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर सौरभ कुमार एवं जिला नोडल स्वीप मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप के मार्गदर्शन में मनोज खांडे उप जिला निर्वाचन अधिकारी के सहयोग से जिले के सभी विद्यालय एवं महाविद्यालयों में मतदान के प्रति युवाओं में जागरूकता लाने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज स्व. प्यारेलाल कंवर शासकीय महाविद्यालय भैंसमा में एकीकृत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन के प्रचार-प्रसार हेतु महाविद्यालय में संकल्प पत्र का वाचन एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने मतदाता के वोट के महत्व पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय के प्राचार्य ने मतदान के प्रति स्वयं जागरूक रहने एवं अन्य लोगो के जागरूक करने हेतु प्रेरित किया। वरिष्ट प्राध्यापक के एल टण्डन ने छात्र-छात्राओं एवं उपस्थित लोगों को मतदाता के मूलभूत संवैधानिक अधिकारों तथा मतदान की प्रक्रिया एवं जिम्मेदार नागरिक के रूप में मतदाताओं के दायित्वों से अवगत कराया। महाविद्यालय के स्वीप प्रभारी व सहायक प्राध्यापक दीपेश कुमार ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को एकीकृत मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, हटवाने, स्थानांतरित करवाने हेतु उपयोग में आने वाले आवेदन फ ार्म-6, फ ार्म-7, फ ार्म-8 की उपयोगिता बताई। उन्होंने आधुनिक दृष्टिकोण अपनाने एवं मत को व्यर्थ न जाने देकर राष्ट्रनिर्माण में अपना योगदान देने हेतु प्रेरित किया। दीपेश कुमार ने उपस्थित सभी लोगों को विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 संबंधी संकल्प पत्र का वाचन कर संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र छात्राओं ने भी मतदान के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किये तथा एकीकृत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन की जानकारी अपने आस-पास के लोगों तक पहुचाने हेतु सहमति व्यक्त की। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जे.एल. चौहान, छात्र छात्राएं, सहित अन्य सहायक प्राध्यापक एवं स्टॉफ उपस्थित रहे।

# छात्रावास से नदारत अधीक्षक पर कार्यवाही की मांग

### ऐसे दर्जनों मामले लेकिन जिला प्रशासन बना मुकबधिर

जोहार छत्तीसगढ़–बलौदाबाजार।




जिले के आदिवासी विभाग के छात्रावासो में रहने वाले छात्रावासी बच्चे बेबसी का जीवन जीने को मजबूर हैं। आलम यह है कि इनकी सुरक्षा के लिए अधीक्षक की नियुक्ति की जाती है। लेकिन अधीक्षक ही गायब हो जाएं, तो इन बच्चों का भविष्य कैसे सुरक्षित होगा। यह अपने आप में ही सवालिया निशान है। आदिम जाति कल्याण विभाग के द्वारा जिले में एससी एसटी व ओबीसी बच्चों के शिक्षा के लिए सैकड़ों आश्रम छात्रावास बनाकर उनकी भविष्य सुधारने की बुनियाद रखी गई है। पर वहां नियुक्त होने वाले अधीक्षक और कर्मचारी इस कदर लापरवाह हैं कि वे हॉस्टल में उन बच्चों के साथ न रहकर अपनी मनमानी कर रहे हैं। जिन्हें नियंत्रित करने वाला कोई दिखाई नहीं पड़ता। ग्राम पंचायत मरदा के सरपंच ने वहां स्थित प्री. मेट्रिक अनु. जाति बालक छात्रावास में पदस्थ अधीक्षक चोवाराम ध्रुव के ऊपर तीन महीने से हॉस्टल से अनुपस्थित रहने व छात्रावास की अव्यवस्था के लिए जिम्मेदार पर कार्यवाही करने हेतु जिला कलेक्टर में शिकायत आवेदन दिया । लेकिन ये केवल एक ही हॉस्टल की स्थिति नहीं वरन जिले में ऐसे दर्जनों छात्रावास है जहां पर अधीक्षक गायब रहते है। मजे की बात तो यह है कि यहां पदस्थ अधीक्षक चपरासियों के हवाले कर के बच्चों को माह में एक दिन पहुंचकर रजिस्टर में दस्तखत कर अपनी कर्तव्य पूरा कर लेते हैं। साथ ही माह भर की तनख्वाह भी उठा लेते हैं। दामाखेड़ा और हथबंध दोनों ही जगह स्थित प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास में पदस्थ अधीक्षक अपना ड्यूटी जिला मुख्यालय में देते है वही पलारी के शासकीय प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास के अधीक्षक भी अपना पूरा कार्यकाल जिला मुख्यालय में व्यतीत करते है। ये दोनो अधीक्षक अपने परिवार सहित बलौदाबाजार में ही निवास करते है। इसी कारण ऑफिस में कार्य करते है। ताकि हॉस्टल जाने से बच सके। वही जिला मुख्यालय में ही स्थित शासकीय प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास बलौदाबाजार एवं शासकीय प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास बलौदाबाजार दोनों हॉस्टल को संभाल रहे अधीक्षक भी कर्मचारीयों के भरोसे हॉस्टल को छोड़कर विभाग में ही बैठे रहते है। विडंबना यह है की ऐसा करने में इन्हे उच्च अधिकारी का पूरा संरक्षण व सहयोग प्राप्त है। वही भाठागांव स्थित शास पोस्ट मेट्रिक अनु.जाति बालिका छात्रावास का अपना अलग कायदा कानून है। वहां पर अधिक्षिका द्वारा मेष संचालन हेतु नवीन छात्राओं से तीन हजार रूपये व नवनीकरण छात्राओं से दो हजार रूपये की मांग किया जा रहा है। यदि बच्चे इतनी रकम दे सकते तो फिर सरकार द्वारा संचालित शासकीय छात्रावासो में रहने की आवश्यकता ही न होती। ऐसे अजीबो गरीब फरमान के बावजूद मजाल की उच्च अधिकारियो के कान में जू तक रेंगे। यह कहने में कोई अतिश्योक्ति नहीं होंगी की आदिवासी विभाग जिन बच्चों के हितो के लिए संचालित है उन्ही बच्चों को कोई प्राथमिकता नहीं दिया जा रहा। जिले के अधिकांश पोस्ट मेट्रिक छात्रावास अभी तक बंद पड़ा हुआ है। बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए जिला कलेक्टर को इस पर तत्काल एक्शन लेने की आवश्यकता है ताकि व्यवस्था सुधार किया जा सके।

## एक नजर

### कलेक्टर ने किया जिला कोषालय का औचक निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़–जांजगीर–चांपा।



कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज जिला कोषालय जांजगीर–चांपा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कोषालय में रखें विभिन्न प्रकार के अदालती एवं गैर अदालती स्टांप तथा जमा किए गए बहुमूल्य वस्तुओं के पैकेटों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने स्टांप हेतु जमा किए जाने वाले चालान एवं चालान पंजी के संधारण व बडबल लॉक एवं सिंगल लॉक के पंजी संधारण के संबंध में जानकारी ली। जिला कोषालय द्वारा भुगतान किए गए बिलों का भी अवलोकन किया गया तथा शेष बिल की भी जानकारी ली। उन्होंने पेंशनरों को पेंशन भुगतान तथा राहत भुगतान के बारे में समीक्षा की। उन्होंने कार्यालय की साफसफाई एवं अन्य कार्यालयीन व्यवस्था संबंधी आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला कोषालय अधिकारी पी आर महादेवा सहित संबंधित अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

### शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले 03 आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़–बेमेतरा।

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता भापुसे के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, डीएसपी कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा पर कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत 02 अगस्त 2023 को थाना चंदनू एवं नवागढ में शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले का कुल 03 प्रकरणों में 03 आरोपियों के विरूद्ध धारा 36 सी, आबकारी एक्ट के तहत कार्यावाही की गई हैं। धन्नू साहू उम्र 26 साल निवासी नरी थाना चंदनू, शिवकुमार यादव उम्र 55 साल निवासी नादल थाना नवागढ़,शकिल मोहम्मद उम्र 19 साल निवासी नवागढ थाना नवागढ़,।

### नंदकुमार साय का हुआ घरघोड़ा में आत्मीय स्वागत

#### घरघोड़ा ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में हुआ स्वागत

जोहार छत्तीसगढ़–घरघोड़ा।



छत्तीसगढ़ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ओद्योगिक विकास निगम के अध्यक्ष केबिनेट दर्जा प्राप्त नंदकुमार साय अल्प प्रवास पर घरघोड़ा आगमन हुआ स्थानीय विश्राम गृह में ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में स्थानीय कांग्रेसियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। साय ने सभी को सम्बोधित करते हुये कहा कि चुनाव नजदीक है आप सभी राज्य सरकार के जनकल्याण योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने में लग जाये और पुनः छत्तीसगढ़ में कांग्रेस का परचम लहराये, कांग्रेसजनों ने आश्वस्त किया कि पुनः धरमजयगढ़ विधानसभा में कांग्रेस की जीत के साथ हम छत्तीसगढ़ में पुनः कांग्रेस की सरकार बनायेगे। साय का स्वागत करने वालो में प्रमुख रूप से ब्लाक कांग्रेस के अध्यक्ष एवं नप उपाध्यक्ष उस्मान वेग पूर्व एल्डरमेन सोमदेव मिश्रा धनेश्वर साहू,लीलाधर साहू व राजा खान के साथ अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### होरा ने कांग्रेस कार्यकर्ता को आर्थिक मदद दी

**धमतरी** । पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे ग्राम कुर्रा के कांग्रेस कार्यकर्ता हिरदे राम ने अपनी आर्थिक समस्याओं से अवगत कराते हुए पूर्व विधायक धमतरी गुरूमुख सिंह होरा से उपचार हेतु सहयोग की बात कही थी। श्री होरा ने उनकी समस्या को समझते हुए उपचार हेतु आर्थिक सहयोग स्वरूप चेक प्रदान किया ।

## कलेक्टर ने लिया राजनैतिक दलों की बैठक

जोहार छत्तीसगढ़–जशपुरनगर।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शिता के साथ आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2023 की तैयारियों के तहत कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने राजनैतिक दलों की बैठक ली। उन्होंने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ द्वारा जारी फ ोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अहर्ता तिथि 1 अक्टूबर 2023 के संदर्भ में निर्धारित तिथियों की जानकारी दी।



इसके तहत निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन 2 अगस्त को किया गया। दावा आपत्ति प्राप्त करने की तिथि 2 अगस्त से 31 अगस्त तक और मतदान केंद्र स्तर पर विशेष शिविरों का आयोजन 12, 13, 19 एवं 20 अगस्त निर्धारित है। निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 4 अक्टूबर 2023 निर्धारित है। जिन मतदाताओं का उम्र 1 अक्टूबर 2023 की स्थिति में 18 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं वे मतदाता मतदाता सूची में नाम जुड़वा सकते हैं। कलेक्टर ने राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण के तहत नए मतदान केंद्रों का प्रस्ताव एवं पुराने जर्जर मतदान केंद्र भवन से उसी कैंपस में नए भवन में शिफ्ट करने हेतु भेजे गए प्रस्ताव की जानकारी दी। उन्होने दिव्यांगजनों एवं 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदताओं को मतदान के लिए उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं एवं सर्वे जानकारी देते हुए बताया कि ऐसे दिव्यांग मतदाता जो मतदान केंद्र पहुंचने में असक्षम है, उनके घरों तक मतदान दल जाकर पोस्टल बैलेट से मतदान कराएंगे।

# चीफ़ जस्टिस ने किया बेमेतरा जिला कोर्ट का आकस्मिक निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़ – बेमेतरा।

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने हाईकोर्ट के मामलों की सुनवाई पश्चात् औचक निरीक्षण हेतु बेमेतरा पहुंचे। उनके द्वारा न्यायालय परिसर के समस्त कक्षों का निरीक्षण किया गया।




न्यायालय परिसर में वाहनों की पार्किंग, स्वच्छता, वाशरूम, अधिवक्ताओं व पक्षकारों हेतु उठने–बैठने की व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया एवं आवश्यक सुधारात्मक निर्देश दिये गये। न्यायालय का भवन पुराना होने के कारण लायब्रेरी, रिकार्ड रूम अन्य कुछ स्थानों में सीलन पायी गयी। अधिवक्ता कक्ष में भी पानी का रिसाव होना पाया गया जिस पर उनके द्वारा नाराजगी जाहिर की गयी। न्यायालय की अधोसंरचना न्यायालय की गरिमा के अनुरूप नहीं पायी गयी। निरीक्षण के समय बेमेतरा जिले के जिला एवं सत्र न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री, कलेक्टर पदुम सिंह एल्मा, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता एसडीएम कु. सुरूचि सिंह व लोक निर्माण विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे जिन्हें आवश्यक सुधार हेतु निर्देश दिये गये।

न्यायिक अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए वहां लंबित प्रकरणों की जानकारी ली तथा 05 से 10 वर्ष के पुराने प्रकरण 156 (3) सीआरपीसी के प्रकरण, धारा 138 नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट के प्रकरणों को प्राथमिकता देते हुए त्वरित गति से निराकृत करने हेतु निर्देश दिया गया। मुख्य न्यायाधीश श्री रमेश सिन्हा ने न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं से भी चर्चा की व उनकी समस्याओं को दूर करने हेतु निर्देश दिये गये। औचक निरीक्षण में उनके साथ रजिस्ट्रार जनरल श्री अरविन्द कुमार वर्मा तथा एडिशनल रजिस्ट्रार कम पीपीएस एम.वी.एल.एन सुब्रहमन्यम भी उपस्थित थे। ज्ञात हो कि मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में आये हुये मात्र 3 माह ही व्यतीत हुये हैं। उक्त तीन माह के कार्यकाल में ही उन्होंने अनेक जिला न्यायालयों व केन्द्रीय जेल, बिलासपुर का औचक निरीक्षण कर व्यवस्था में सुधार हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किये हैं। उनके इस उच्च न्यायालय में आने से पूरे राज्य में आधारभूत संरचना तथा कार्य दशा आमूल–चूल परिवर्तन दिखाई देना शुरू हो गया है।

# खाद विक्रेता के क्रय-विक्रय पर प्रतिबंध

### खाद की कालाबाजारी पर कृषि अधिकारियों की कार्रवाई

जोहार छत्तीसगढ़–बेमेतरा।





खरीफ बोवाई से लेकर खाद–बीज की उपलब्धता के संबंध में जिला प्रशासन सख्त है। जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी रा. व कृषि अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी स्थिति में जिले में खाद.बीज की समस्या न आए। उन्होंने कहा कि ऐसी कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वयन करें कि किसानों को जरूरत के मुताबिक समय पर खाद–बीज उपलब्ध हो। कलेक्टर पदुम सिंह ने खरीफ फसल की शुरुआत में ही कृषि अधिकारियों के साथ ही जिले के सभी एसडीएम को अमानक बीज.खाद के विक्रय तथा कालाबाजारी की रोकथाम के लिए कृषि आधारित दुकानों का औचक निरीक्षण कर कालाबाजारी में लिप्त दुकानदारों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि खाद की कालाबाजारी किसी भी सूरत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कुछ कृषि सामग्री विक्रेता यूरिया की कालाबाजारी व अधिक दर पर बेचने की शिकायत मिलने पर उप संचालक कृषि मोरध्वज डड़सेना ने उर्वरक निरीक्षक को निजी उर्वरक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करने भेजा। बीते बुधवार को कृषि केंद्र खंडसरा बेमेतरा के द्वारा बिना अनुज्ञप्ति पत्र के खाद विक्रय करने संबंधी शिकायत प्राप्त हुई थी जिसे तत्काल संज्ञान में लेते हुए अनुविभागीय कृषि अधिकारी रिती तिवारी तथा कीटनाशी बीजध्उर्वरक निरीक्षक डॉ श्याम लाल साहू बेमेतरा द्वारा बाबा कृषि केंद्र खंडसरा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि संबंधित द्वारा बिना अनुमोदित प्रिंसिपल सर्टिफि केट के कीटनाशकों का भंडारण किया गया है साथ ही संबंधित के द्वारा कीटनाशकों के स्कंध तथा मूल्य सूची का प्रदर्शन नहीं किया गया है और न ही नियमानुसार कृषकों को बिल दिया जा रहा है। जो कि कीटनाशी अधिनियम 1968 तथा कीटनाशी नियम 1971 का स्पष्ट उल्लंघन है। साथ ही उनके द्वारा बिना अनुज्ञप्ति पत्र के उर्वरकों का भंडारण एवं विक्रय किया जा रहा था। अधिनियमों नियमों के उल्लंघन के फलस्वरूप अनुविभागीय कृषि अधिकारी एवं निरीक्षक द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए खाद बीज कीटनाशकों को जब्त कर उक्त दुकान को सील कर दिया गया है। खाद विक्रेता के क्रय–विक्रय पर प्रतिबंध तथा संबंधित को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### 2 दिनों की बारिश से बह गई सड़क

## एसडीएम तहसीलदार ने मौके पर पहुंच किया निरीक्षण तहसीलदार को दिए जांच के आदेश

जोहार छत्तीसगढ़–घरघोड़ा।



मौसम विभाग ने बारिश को लेकर एलर्ट जारी किया गया है लगातार हो रही बारिश से लोगों का जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। लगातार मुशालाधार बारिश से ग्राम पंचायत पूरी से कुडुमकेला जाने वाले रास्ते मे बने पुलिया के बगल की सड़क को पानी की तेज रफ्तार ने बहाकर ले गया। जिसके कारण लोगो का आवागमन बाधित हो गया है।

बता दे कि उक्त पुलिया के बगल बहे सड़क प्राथमिक शाला से कुछ ही दूरी पर बना है जो स्कूली बच्चों के लिए खतरे से कम नहीं है। स्कूल के पास से सड़क बहने की सूचना को संवेदनशीलता से लेते हुए घरघोड़ा एसडीएम रिषा ठाकुर ने तहसीलदार विकास जिंदल पटवारी विक्रम सिंह को लेकर मौके पर पहुंचे। एसडीएम तहसीलदार ने ग्राम पंचायत पूरी के सरपंच रूपनसाय मांझी व ग्रामीणों की उपस्थिति में मौके का निरीक्षण किया गया। एसडीएम ने तात्कालिक व्यवस्था के लिए छतिग्रस्त सड़क से 50 फिट की दूरी पर ड्रम रखकर बांस गाड़कर रस्सी बांधकर बेरीगेटिंग करने के निर्देश दिए है। जिससे किसी प्रकार की दुर्घटना मौके पर न हो, उक्त घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी स्थानीय प्रशासन के को निर्देश दिए गए है 2 दिनों जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए है। वही पीडब्ल्यूडी को स्थायी बेरीगेटिंग लिए टेक्निकल टीम को निर्देश दिए गए है।

### सड़क किनारे आवारा पशुओं के जमावाड़ा होने पर पशुपालकों के विरूद्ध होगी कार्रवाई

## विश्व आदिवासी दिवस एवं स्वतंत्रता दिवस समारोह गरिमामयी ढंग से आयोजित हो

### आश्रम, छात्रावास एवं आवासीय शैक्षणिक संस्थाओं में अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश होने पर होगी कार्रवाई

जोहार छत्तीसगढ़–बीजापुर।



साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा ने आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2023 की तैयारी पर विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। जिसके तहत 02 अगस्त को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन दावा आपत्तियों का निराकरण, मतदान केन्द्रों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन मतदाता सूची का वाचन सहित व्यापक रूप से मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप एक्टीविटी का आयोजन जिला स्तर सहित, ब्लाक, तहसील एवं पंचायत स्तर पर विविध कार्यक्रम रैली, नाटक नुक्कड़, क्विज कांपीटिशन, वाद–विवाद सहित प्रतियोगिता का आयोजन कर आम नागरिकों, स्कूल–कालेजों के विधार्थियों को शामिल कराने के निर्देश दिए। आगामी सप्ताह होने वाले विश्व आदिवासी दिवस एवं राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के आयोजन को लेकर सफलतापूर्वक कार्यक्रम आयोजित कराने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। जिले के समस्त आवासीय स्कूलों, आश्रम, छात्रावास, पोटाकेबिनों में अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश वर्जित करने एवं कोताही बरतने वाले कर्मचारियों पर तत्काल अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बच्चों की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के सख्त निर्देश दिए। वर्तमान समय में आईफ्लू के मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है जिसमें आवासीय स्कूलों के बच्चें भी शामिल है संक्रमित बच्चों में सुरक्षित ढंग से तीन दिनों तक आईसोलेशन में रखने स्कूल नहीं भेजने एवं जिला अस्पताल में ईलाज के लिए समुचित व्यवस्था करें ताकि अन्य मरीजों में संक्रमण न पहुंचे एवं आईफ्लू के गार्डलाईन, संक्रमण से बचाव,उपचार के संबंध में बच्चों एवं आम नागरिकों को जागरूक करने के निर्देश दिए। बरसात के मौसम में विभिन्न संक्रामक बीमारियों के रोकथाम समुचित उपचार सहित मलेरियों जांच को बढ़ाने पाजिटिव्ह मरीजों का बेहतर उपचार करने सहित जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। राष्ट्रीय राजमार्ग सहित विभिन्न सड़कों पर आवारा पशुओं के भीड़ को हटाने, दुर्घटना को रोकने आवश्यक कदम उठाने पशुपालकों को जुर्माना लगाने सहित संयुक्त कार्रवाई कर सड़क से पशुओ को हटाने के निर्देश दिए। बैठक में डीएफओ अशोक पटेल, सीईओ जिला पंचायत रवि कुमार साहू, संयुक्त कलेक्टर पवन कुमार प्रेमीए सुमन राज सहित जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारीगण, एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदारए सीईओ जनपद पंचायत एवं सीएमओ उपस्थित थे।

# विधायक मद के 40 लाख से बना पुलिया पहली बरसात में हुआ बेकार

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

एक दिन की झमाझम बारिश ने न जाने कितने घटिया निर्माण कार्यों की पोल खोल दी है। क्षेत्रवासियों के वर्षों की मांग पर बने पुलिया का एप्रोच बह जाने से पुलिया अनुपयोगी हो गया। विकासखंड धरमजयगढ़ के ग्राम जमरगी डी एवं जबगा के मध्य नाला मेडिया खूंटा में पुलिया निर्माण किया गया है। जिसके लिए विधायक ललजीत सिंह राठिया ने विधायक मद से 40 लाख स्वीकृत किया था। जिसे 20 लाख ग्राम पंचायत जबगा एवं 20 लाख ग्राम पंचायत जमरगी-डी को आबंटित कर उन्हे कार्य एजेंसी बनाया गया था। वर्ष 2021. 22 में स्वीकृत इस पुलिया का निर्माण बरसात से पहले पूर्ण हो गया था। जिस पर क्षेत्रवासियों का आवागमन भी शुरू हो गया था। लेकिन अब बारिश के दिनों में आवागमन बाधित हो गया। क्योंकि पुलिया के एप्रोच में डाला गया मिट्टी पानी में बह गया है। देखना होगा कि बरसात तक पुलिया बचती है या वह भी बह जाएगी। खैर जो भी हो क्षेत्रवासियों को अब उस पुलिया का लाभ नहीं मिल सकेगा।






## बलात्कार का आरोपी 24 घंटे में चढ़ा नगरनार पुलिस के हत्थे

**जगदलपुर।** नगरनार पुलिस ने बलात्कार के आरोपी को 24 घंटे में सलाखों के पीछे पहुंचाया। मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता द्वारा लिखित रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि घटना अप्रेल 2021 से जून 2023 तक आरोपी परमेश्वर नाग द्वारा पीड़िता को शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध बनाकर शारीरिक शोषण किया गया। शादी करने से इंकार करने की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 132 / 2023 धारा 376 भादवि कायम कर विवेचना मे लिया गया। प्रकरण के फरार आरोपी फरार होने से पता तलाश हेतु उ.म.नि. एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह मीणा के दिशा-निर्देशन में, नगर पुलिस अधीक्षक विकास कुमार (भा.पु.से.) के मार्गदर्शन में, थाना प्रभारी नगरनार रविन्द्र कुमार मीणा




(प्रशिक्षु भापुसे) के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित कर आरोपी को कड़ी मशक्कत के बाद आरोपी के घर ग्राम मालगांव से पकड़कर पुलिस हिरासत में लेकर थाना नगरनार लाया गया। पुछताछ में आरोपी द्वारा अपराध घटित करना कबुल करने पर दिनांक 31.07.2023 को गिरफ्तार किया गया है। जिसे न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय जगदलपुर पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी नगरनार रविन्द्र कुमार मीणा (प्रशिक्षु भापुसे) उप निरीक्षक सरिता मानिकपुरी, सउनि सुदर्शन दुबे, म0प्र0आर0 वंदना झाडी, म.प्र.आर. पार्वती नेताम, आर. तिरिथ राम फैकर, स.आर. मनोज कश्यप की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# धरमजयगढ़ से बोरो का संपर्क टूटा, शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधा बाधित

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



क्षेत्र के जनप्रतिनिधि विकास की लंबी लंबी कहानी कहते नहीं थक रहे हैं। लेकिन इस 21 सदी में भी गांवों का संपर्क मुख्यालय से टूट रहा है। नेता मंचों से बड़ी-बड़ी डींग जरूर हांकते हैं। लेकिन धरातल पर स्थिति कुछ और ही होता है। आज बरसात की पहली झमाझम बारिश हुई है और धरमजयगढ़ मुख्यालय से बोरो क्षेत्र का संपर्क टूट गया। बोरो रानी मंदिर से आगे छापर नाला है जिसमें पुलिया नहीं होने से पानी भरा हुआ है। जिस कारण आवागमन बाधित हो गया है। उस क्षेत्र के लोग जो किसी कार्य से धरमजयगढ़ आए थे वह नाला में अधिक पानी होने के कारण रात को घर नहीं जा सके। जिन्हें बोरो रानी मंदिर में रात गुजारना पड़ा। वहीं बोरो क्षेत्र में गए लोगों को उधर ही रात गुजारनी पड़ी। कई लोग तो मोटर साइकिल को लकड़ी के सहारे जान जोखिम में डालकर उठाकर नाला पार किए। नाला में अधिक पानी होने के कारण उस क्षेत्र के विद्यार्थी, बीमार मरीज धरमजयगढ़ नहीं पहुंच पा रहे हैं। वहीं अन्य कार्यों के लिए भी धरमजयगढ़ से संपर्क टूट गया है। बता दें कि बोरो से ग्राम संगरा के बीच में भी एक नाला है। जिसमें पुलिया नहीं होने के कारण उस क्षेत्र के चार पांच गांवों का संपर्क टूट जाता है।



## एक नजर

### स्वास्थ्य विभाग के केन्द्रों और अस्पतालों में किया गया मतदाता शपथ

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।




स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा जिले के सारंगढ़, बिलाईगढ़ और बरमकेला विकासखंड में संचालित सभी केन्द्रों और अस्पतालों में मतदाता शपथ दिलाने का कार्य जारी है। आयुष हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर और शासकीय आयुर्वेद औषधालय सांकरा, माधोपाली, परसाडीह, ओड़काकन, डोंगरीपाली, आयुष हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर कनकबीरा, भेड़वन, लेन्ध्रा, हिर्री, कोसीर, उलखर में डॉक्टर और उनके स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा सामूहिक रूप से मतदाता शपथ लिया गया।

### जमीन विवाद को लेकर भाई ने भाई की हत्या

जोहार छत्तीसगढ़ धरमजयगढ़।

खेती का सीजन आते ही जमीन का विवाद बढ़ जाता है। जिसके कारण गाली गलौज मारपीट होता है। वहीं कई मामलों में तो हत्या तक हो जाती है। आज भी जमीन विवाद को लेकर बड़े भाई ने छोटे भाई की हत्या कर दी है। घटना धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के




ग्राम नरकालो की है। जहां बड़ा भाई धीरसाय राठिया ने छोटे भाई अमीरसाय राठिया उम्र लगभग 40 वर्ष की हत्या कर दी है। घटना दोपहर की जहां मृतक खेत में काम कर रहा था तभी आरोपी के साथ वाद विवाद हो गया और आरोपी ने उस पर प्राणघातक हमला कर दिया। जिससे अमीरसाय की मौके पर ही मौत हो गई।

### मोटर सायकल चोरी के दो आरोपी जेल दाखिल

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर चांपा।

रात के समय घर के बाहर रखे मोटर सायकल चोरी करने के दो आरोपियों को सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ करते हुये जांजगीर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुये सिटी कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक वैष्णव ने अरविन्द तिवारी को बताया प्रार्थी दीपक कहरा उम्र 23 वर्ष निवासी केरा रोड जांजगीर गत एक अगस्त को खाना खाकर अपने घर में सो गया था। तथा अपने मोटर सायकल बजाज पल्सर को घर के सामने रखा था। सुबह लगभग




छः बजे उठकर देखा तो मोटर सायकल को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गया था। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना जांजगीर में अपराध क्रमांक 521/2023 धारा 379 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान घटनास्थल के आसपास में लगे सीसीटीवी फूटेज को बारिकी से देखा गया। सीसीटीवी के आधार पर संदेही समीर लदेर उम्र 19 वर्ष निवासी आईबी रेस्ट हाउस के पास जांजगीर और अमृत दास उम्र 19 वर्ष निवासी वार्ड नं 19 इंद्रानगर जांजगीर को हिरासत में लेकर मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ किया गया। पूछताछ में उनके द्वारा उक्त वाहन मोटर सायकल को चोरी करना स्वीकार किये जाने से आरोपियों के कब्जे से चोरी का एक नग मोटर सायकल पल्सर सीजी 11 सीडी 2373 बरामद किया गया। उनके विरुद्ध अपराध धारा सदर का सबूत पाये जाने से जांजगीर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। इस कार्यवाही में निरीक्षक अशोक वैष्णव, प्रधान आरक्षक मोहन साहू एवं कोतवाली थाना स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

# विधायक शैलेश पांडेय के साढ़े चार साल सिर्फ आश्वासन में गुजरे

इन साढ़े चार में शैलेश पांडेय ने विकास का कोई प्लान नहीं बनाया और न ही उन पर कोई काम किया

जोहार छत्तीसगढ़-बिलासपुर।

प्रदेश का दूसरा सबसे बड़ा शहर बिलासपुर जिसका प्रदेश में एक महत्त्वपूर्ण स्थान है बिलासपुर हमेशा राजनीतिक दृष्टिकोण से मजबूत माना जाता रहा है यहां के नेताओ की सुनी भी जाती रही है। मध्यप्रदेश के समय से बिलासपुर को ज्यादा महत्व दिया गया कांग्रेस के शासन काल में स्व.बी आर यादव, स्व अशोक राव, स्व.बंशीलाल धर्तलहरे, स्व राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल जैसे कद्दावर नेता रहे जिनकी बात हमेशा सुनी गई। उसके बाद छत्तीसगढ़ बनने के बाद भाजपा के शासन में बिलासपुर से अमर अग्रवाल विधायक कद्दावर नेता थे कई विभाग के मंत्री भी थे सभी ने अपने अपने स्तर में शहर विकास में स्वास्थ्य,शिक्षा,कानून व्यवस्था दुरस्त रखने लिए कार्य किया और शहर में हमेशा से अमन चैन रहा है लेकिन 2018 के विधानसभा चुनाव के बाद एक ऐसे व्यक्ति को जनता ने चुना जिसने 6 माह पहले ही राजनीति में कदम रखा शिक्षाविद रहे शैलेश इसके पहले कभी किसी राजनीतिक कार्य में भाग नहीं लिया अचानक आगमन होने पर जनता ने उन्हें हाथो हाथ लिया इसके अलावा भाजपा शासन के खिलाफ पूरे प्रदेश में माहोल बना हुआ था जिसका फायदा शैलेश पांडेय को भी मिला और कांग्रेस भारी बहुमत सरकार बनाने में कामयाब हुई लेकिन उसके बाद जैसे बिलासपुर को मानो ग्रहण लग गया पहली बार बिलासपुर जिले से किसी को मंत्री मंडल में स्थान नहीं मिला ज्यादा उम्मीदवार पहलीबार जीत कर आए थे। इसलिए कहा गया और दूसरे जिलों को महत्त्व मिला रही सही कसर शैलेश पांडेय विधायक बिलासपुर ने पूरी कर दी जिनके कार्यकाल में बिलासपुर की कानून व्यवस्था



*** विधायक शैलेश ने अपने कार्यकाल में स्वास्थ्य,शिक्षा,बिजली,कानून व्यवस्था पर कोई काम नहीं किया**

ध्वस्त सी हो गई। स्वास्थ्य विभाग सिम्स,जिला अस्पताल का हाल जितना इनके कार्यकाल में खस्ता हाल हुआ हैं उतना कभी नही रहाएबिजली की आंख मिचौली की बात ही कुछ अलग हैं जिस बिलासपुर में पांच मिनिट से ज्यादा बिजली नहीं जाती थी वहा अभी ऐसा हो गया है की घंटो बिजली की कटौती होती है जिसके चलते आमजनता इतना त्रस्त हो चुकी हैं मत पूछो,वही व्यापारी अलग परेशान छोटे मोटे उद्योग वालो का रोजगार भी चौपट होने की कगार में आ गया है लेकिन वर्तमान विधायक इन सब को देखते हुए सिर्फ आश्वासन देने के सिवाय कुछ करने पाने की स्थिति में नहीं नजर आ रहे हैं। बिलासपुर में ऐसी चर्चा आम है विधायक शैलेश पांडेय कहते है हमारी सुनी नहीं जाती जिसकी सच्चाई कितनी है ये खुद पांडेय ही बता पाएंगे इन सबके चलते बिलासपुर का विकास रुक सा गया हैं और विधायक सिर्फ आश्वासन के सिवाय कुछ भी नहीं दे पा रहे हैं। बिलासपुर इन सब का खामियाजा भुगत रहा हैं। अब देखना है की इस वर्ष होने वाले विधासभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने फिर से शैलेश पांडेय को अपना उम्मीदवार बनाया तो जनता ऐसे कमजोर विधायक को फिर से चुनेगी या उन्हें बाहर का रास्ता दिखाएगी और एक ऐसे विधायक को चुनेगी जो बिलासपुर के विकास को आगे बढ़ाएगा और आश्वासन न देकर जनता के कार्यों को गंभीरता से लेगा।

# मेवात के नुहू हिंसा के खिलाफ विहिप का प्रदर्शन जिहादियों का फूंका पुतला

हिन्दुओं पर हुये पथराव और आगजनी से 3 लोगों की हुई थी मौत

जोहार छत्तीसगढ़-गरियाबंद।



हाल ही में हरियाणा के मेवा जिले के नुहू में हिन्दुओ के बज्रमंडल यात्रा में जेहादीयो ने पथराव कर आगजनी की थी जिसमें आगजनी और पहाड़ियों से गोली चलाने से एक होमगार्ड, 1 तीर्थयात्री और 1 बजरंगदल कार्यकर्ता की मौत हो गयी थी। और सैकड़ों लोग घायल हुये थे कई गाड़ियां आग हवाले कर दिये गये इसके विरोध में विहिप ने 2 अगस्त को प्रांतीय संगठन ने जिलास्तर पर प्रदर्शन का आव्हान किया था।

### बज्रमंडल यात्रा की मान्यता का क्या है महत्व

मेवात के नुहू में द्वापर काल के पाण्डवों द्वारा निर्मित नल्लहड शिव मंदिर है जो हिन्दुओं की आस्था का केन्द्र है यहां प्रतिवर्ष हिन्दु समाज बज्रमंडल यात्रा निकल कर भगवान शिव की आराधना करता है मान्यता है यहां जो भी मांगों मिल जाता है इसके दर्शन करने हजार की श्रध्दालु पहुंचते है। हिन्दु समाज द्वारा यही धार्मिक यात्रा निकाली गयी थी इसी यात्रा पर मुस्लिम जेहादीयो ने पथराव के हिंसा किया जिसमें हिन्दू समाज की भारी क्षति हुयी है।

### गरियाबंद में हिंसा का जमकर हुआ विरोध

गरियाबंद के गांधी मैदान में बीते 2 अगस्त को विहिप और बजरंग दल के सैकड़ों कार्यकर्ता जुटकर हिंसा के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुये विरोध जताया है। वही जिहादीओ के पुतले भी फूंके गये।

### शिवसेना और हिन्दु सामाजिक संगठन भी हुये शामिल

विहिप के इस प्रदर्शन में विहिप बजरंगदल के अलावा शिवसेना सहित विभिन्न हिन्दू संगठन के लोग भी शामिल हुये। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से विहिप जिला अध्यक्ष शिशुपाल राजपुत, बजरंग दल जिला संयोजक कुलेश्वर सिन्हा, सह संयोजक विकास शर्मा, विभाग अर्चक मेशनंदन पाण्डेय, प्रचंड अध्यक्ष लोकेश सिन्हा, सहित परस देवांगन, रिखी यादव, प्रकाश निर्मलकर, मुकेश पाण्डेय, रामशरण पुरैना, वेदू निर्मलकर, भानु राजपुत, चोखेलाल साहू शामिल हुये।

# धीमी पुलिया निर्माण के कारण कई गांव का आवाजाही हुआ बाधित

जोहार छत्तीसगढ़-पालीडीह।

पत्थलगांव जनपद के ग्राम पंचायत पालीडीह कहने के लिए तो भुपेश सरकार के महत्वपूर्ण महत्वाकांक्षी योजनाओं में एक से एक महत्वपूर्ण योजना से जोड़ा गया है। जिसमें आधा हकीकत आधा फसाना के तर्ज पर योजना कागजों में चल रहा है। जिसमें बड़े-बड़े भवनों के निर्माण कर अच्छी खासी रकम भी कार्य एजेंसी कमा रही है।




लेकिन जिन उदेश्यों को लेकर भवन बने है वैसा कुछ भी नहीं नजर आता है ऐसा लोगों का कहना है। जिसमें बड़े नेता भी अपने वाहवाही के लिए नजर आने लगे हैं लेकिन बड़े नेता कभी इन अव्यवस्थाओं को व्यवस्थित कराने की जहमत नहीं उठा पा रहे हैं। चाहे बेटियो के लिए भवन हो या उप स्वास्थ्य भवन हो या गौठान हो। पालीडीह किसी ना किसी बात को लेकर हमेशा सुर्खियों में बने रहता है। जबकी तहसील मुख्यालय कार्यालय भी पालीडीह के अंतर्गत ग्राम में है। ग्रामीण असुविधाओं से घिरे रहते हैं इन सब से परे एक मामला और उभर आया है जहा लोगों के दिन चर्या ही बारिश के बाद बदल कर रख दिया है। जिसमें लोगों का शहर पत्थलगांव आना जाना बंद हो गया है। अपको बता दे की आज रात भर की बारीश से जहां किसान एक तरफ खुश हैं वहीं दूसरी ओर ठेकेदार की धीमी निर्माण पुलिया है ग्रामीणों की आवाजाही गाला डूंदुगजोर, पगसुवा के लोगों का आवाजाही बाधीत हो गई, लोगों को अपने खेतों और जरुरी कामों से इसी रास्ते से आना-जाना पड़ता है।

यह दिन खेती-बाड़ी का दिन है और छत्तीसगढ़ कृषि प्रधान राज्य है। सुबह-सुबह पालीडीह के कृषक जन किसी को धान रोपाई, किसी को खेत जोताई के लिए जाना था परन्तु इस तरह से ठेकेदार के द्वारा अभी इतनी बारिश में पुलिया निर्माण का कार्य चालू कर दिया गया है। बताया जा रहा ग्रामीणों के द्वारा बरसात में नव पुलियानिमार्ण को लेकर मना भी किया गयाए परंतु परिवर्तित मार्ग बना कर काम चालू कर दिया गया। जिसमे कई गांव प्रभावित हो रहा जिसमें पंगसुआ, झक्कड़पूर, शिवपुर, जैसे दर्जनों गांवों के लोगों का तहसील काम, या अन्य कामों के लिए पत्थलगांव कालेज इसी मार्ग आना जाना रहता है साथ ही साथ नेशनल हाईवे भी इस बारिश में निर्माणाधीन रास्ता खराब है। लोगों का कहना है पंचायत के द्वारा इस भरी बारीश में पुरानी पुलिया तोड़ कर नव पुलिया निर्माण हेतु एन ओ सी कैसे दिया गया यह सवालिया निशान है।। ग्रामीण और राहगीरों को परेशानी हो रही है कहीं ना कहीं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के इस तरह के कार्य प्रश्न है। अब देखना ये होगा कि कब तक इस समस्या का समाधान होगा और ग्रामीण कृषकों के लिए सासन क्या कुछ करती हैं जिसमे आवागमन का एक मात्र रास्ता यही है।



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक **-नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in